राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 173
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 19 मई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में धड़ल्ले से काटी जा रही अवैध कॉलोनियां
पेज 4 मायावती ने भतीजे को चीफ नेशनल को-ऑर्डिनेटर बनाया
पेज 6 सूर्यकुमार यादव का यह आईपीएल सीजन उनके सर्वश्रेष्ठ सीजन

## संक्षिप्त खबरें

### जम्मू-कश्मीर के सांबा में जवान की मौत

जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक चौकी के अंदर रविवार को एक सैन्यकर्मी की अपनी सर्विस राइफल से गोली लगने से मौत हो गई। तेलंगाना का रहने वाला यह जवान बॉर्डर पोस्ट सरोज में संतरी की ड्यूटी पर था, तभी उसकी सर्विस राइफल चल गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना शाम 4: 30 बजे हुई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उसने आत्महत्या की है। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि उसके इस तरह के कदम उठाने के पीछे का मकसद अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### टर्किश एविएशन कंपनी सेलेबी की याचिका सुनेगा दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली। भारत सरकार ने सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सुरक्षा मंजूरी 15 मई को तत्काल प्रभाव से रद्द की थी। ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के आदेश के मुताबिक यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। तुर्किये की सेलेबी कंपनी को सिक्योरिटी क्लियरेंस नहीं दिया गया, लिहाजा यह भारतीय एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग का काम नहीं कर पाएगी। 16 मई को सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सेलेबी दिल्ली कार्गो टर्मिनल मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

# हैदराबाद में दर्दनाक हादसा, 17 की मौत

### चारमीनार के पास बिल्डिंग में आग, मृतकों में 8 बच्चे भी थे; संकरी सीढ़ी से निकल नहीं पाए

**हैदराबाद।** हैदराबाद में चारमीनार के पास गुलजार हाउस में रविवार सुबह एक इमारत में आग लग गई। हादसे में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। घटना के समय इमारत में 30 से ज्यादा लोग मौजूद थे। इनमें से 15 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया।

फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। आग बुझाने के लिए दमकलकर्मियों को 2 घंटे मशक्कत करनी पड़ी।

आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है, लेकिन अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, हादसे में संपत्ति के नुकसान का अंदाजा भी नहीं लगाया जा सका है।

फायर डिपार्टमेंट का कहना है कि सुबह 6: 16 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। कई लोग बेहोशी की हालत में मिले और करीब 10 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के मुताबिक, बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर ज्वेलरी की दुकानें थीं और ऊपर के फ्लोर पर लोग रहते थे। आग दुकानों में लगी और ऊपर तक फैल गई। बिल्डिंग में सिर्फ एक संकरी सीढ़ी थी, जिससे लोग बाहर नहीं निकल सके और दम घुटने से मौत हो गई।




#### स्काईलिफ्ट हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म से बुझाई आग

आग बुझाने में आधुनिक फायर रोबोट और ब्रोंटो स्काईलिफ्ट हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म का भी इस्तेमाल किया गया है। ब्रोंटो स्काईलिफ्ट हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म एक बड़ी फायर ब्रिगेड पर लगा होता है। इसमें एक लंबा हाइड्रॉलिक आर्म होता है, जो ऊपर-नीचे और घूम सकता है। इस आर्म के ऊपर एक प्लेटफॉर्म (टोकरी) होती है, जिसमें फायरमैन खड़े होकर ऊंची इमारतों तक पहुंच सकते हैं।

#### पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताया

घटना पर पीएम मोदी ने गहरा दुख जताया है। पीएमओ ने एक्स पर लिखा - हैदराबाद में आग की घटना में लोगों की मौत से बहुत दुख हुआ। जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उन्हें संवेदनाएं। घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं।

पीएम राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की मदद दी जाएगी।

# लश्कर आतंकी सैफुल्लाह ढेर, पाकिस्तान में मारी गोली

### आरएसएस मुख्यालय और सीआरपीएफ कैंप हमले का मास्टरमाइंड था; नेपाली महिला से की थी शादी

लश्कर-ए-तैयबा और जमात का आतंकवादी रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह मारा गया है। सैफुल्लाह को पाकिस्तान के सिंध में मतली फलकारा चौक के पास अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। हालांकि उसे गोली कब मारी गई, इसकी जानकारी अभी नहीं है।

सैफुल्लाह नेपाल में लश्कर के मॉड्यूल पर काम कर रहा था। वह नेपाल में विनोद कुमार के नाम से काम करता था। उसने नेपाली महिला नगमा बानू से शादी की थी।



सैफुल्लाह भारत में आतंकियों की घुसपैठ और आर्थिक मदद जुटाने जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहा था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सैफुल्लाह लश्कर के ऑपरेशनल कमांडर आजम चीमा उर्फ बाबाजी का सहयोगी था।

सैफुल्लाह 2006 में नागपुर के आरएसएस मुख्यालय पर हुए हमले में शामिल था। इसके अलावा 2008 में उत्तर प्रदेश के रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हुए आतंकी हमले और 2005 में आईआईएससी बेंगलुरु पर हमले की साजिश का मास्टरमाइंड था।

#### लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी अबू कताल मार्च में मारा गया था

इससे पहले लश्कर-ए-तैयबा का मोस्ट वांटेड आतंकी अबू कताल 15 मार्च की रात पाकिस्तान में मारा गया था। पंजाब राज्य में अनजान हमलावरों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। अबू कताल 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का करीबी था। कताल LeT का अहम सदस्य था और जम्मू-कश्मीर में कई हमलों की साजिश रचने के लिए जाना जाता था।

पिछले साल 9 जून को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शिवखोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हमले में भी कताल का हाथ था। इसमें 10 लोगों की जान गई थी।

# सेना पर कमेंट करने वाले प्रोफेसर खान गिरफ्तार



**सोनीपत।** हरियाणा में सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर कमेंट करने वाले एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सोनीपत पुलिस ने दिल्ली के ग्रेटर कैलाश से गिरफ्तार कर लिया है। अशोका यूनिवर्सिटी में पढ़ाने वाले इस प्रोफेसर ने कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर भी आपत्तिजनक पोस्ट की थी।

सोनीपत के डीसीपी नरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रोफेसर अली खान के खिलाफ राई थाना में 2 अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। पहली एफआईआर जठेडी गांव के सरपंच की शिकायत पर हुई है। दूसरी एफआईआर महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया की शिकायत पर दर्ज की गई। कोर्ट में पेश कर उन्हें 2 दिन की रिमांड पर लिया गया है।

### अतिक्रमण




नई दिल्ली के सरोजिनी नगर मार्केट में एनडीएमसी द्वारा अतिक्रमण हटाने के बाद दुकानदार छाया के लिए अस्थायी चादरों का उपयोग करते हुए।

# देश में 10 हजार से अधिक ई-बसें चलाने का प्लान

### चार्जिंग स्टेशन बढ़ाने पर सरकार का जोर; योजना पर लग गई मुहर



#### 7293 बसों को मिल चुकी मंजूरी

सरकार ने इस पर अपनी मुहर लगा दी है। पीएम ई बस सेवा के तहत तीन से 40 लाख तक की आबादी वाले 169 शहरों में दस हजार ई बसें चलाई जानी हैं। इस योजना के तहत शहर अपनी ओर से जरूरत के मुताबिक प्रस्ताव दे रहे हैं, जिन्हें केंद्र सरकार मंजूर करती है। अब तक 98 शहरों के लिए 7293 बसों को मंजूरी दी जा चुकी है। इस योजना की एक खासियत यह है कि दस हजार बसों के संचालन के साथ-साथ सरकार बस डिपो बनाने और चार्जिंग सुविधा के लिए भी सहायता प्रदान कर रही है।

**नई दिल्ली।** शहरों के आसपास के छोटे कस्बों और उपनगरों को भी केंद्र सरकार की सहायता वाली पीएम ई बस सेवा का लाभ मिल सकेगा। इस बारे में शहरों और राज्यों की मांग को केंद्र सरकार ने स्वीकार कर लिया है और इसके अनुरूप योजना की गाइडलाइन में परिवर्तन भी कर दिया गया है। आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के एक सर्कुलर के मुताबिक शहर की परिभाषा में आने वाले आसपास के कस्बों भी इस योजना के तहत पीएम ई बसों के लिए पात्र होंगे। शहरों की ओर से इसकी लगातार मांग की जा रही थी कि उनके आसपास के जिन क्षेत्रों को वैधानिक रूप से टाउन एरिया घोषित किया गया है, को भी इसके दायरे में लिया जाए।

# एमएसएमई को लोन मिलने में हो रही परेशान, सिडबी की रिपोर्ट में खुलासा

### माइक्रो श्रेणी के उद्यमियों को ज्यादा परेशानी, क्रेडिट मांग व पूर्ति में 30 लाख करोड़ का अंतर

**नई दिल्ली।** देश में एमएसएमई को अगर उनकी जरूरत के मुताबिक क्रेडिट सुविधा मिल जाए तो एमएसएमई रोजगार का बड़ा साधन बन सकता है। स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (सिडबी) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक अभी एमएसएमई की क्रेडिट मांग व पूर्ति में 30 लाख करोड़ का अंतर है।

इन सबके बावजूद एमएसएमई मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर इस साल मार्च तक पंजीकृत 6.2 करोड़ एमएसएमई 25.95 करोड़ लोगों को रोजगार देते हैं। रिपोर्ट में यह बात भी सामने आई कि क्रेडिट सुविधा की परेशानी सबसे अधिक माइक्रो श्रेणी के उद्यमियों को हैं।

#### क्रेडिट सुविधा बढ़ाने का सुझाव

पहली बार उद्यमी बनने की चाहत रखने वाले एवं महिला उद्यमियों के साथ निर्यात में शामिल एमएसएमई की भी पहली चुनौती क्रेडिट सुविधा की है। सिडबी ने अपनी रिपोर्ट में फिनटेक के माध्यम से एमएसएमई की क्रेडिट सुविधा बढ़ाने का सुझाव दिया है।



चेंबर ऑफ इंडियन माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज के अध्यक्ष मुकेश मोहन गुप्ता के मुताबिक मांग के मुताबिक लोन मिलने पर एमएसएमई से निकलने वाले प्रत्यक्ष रोजगार में पांच करोड़ तक की बढ़ोतरी हो सकती है। लोन सुविधा सुगम हो जाने पर एमएसएमई अपने कर्मचारियों को अधिक वेतन और बेहतर सुविधा भी दे सकेंगे।

#### बैंकों से लोन मिलने में होती है दिक्कत

एमएसएमई में बेहतर सैलरी नहीं मिल पाने से कुशल व उच्च तकनीक के जानकार कारीगर कारपोरेट जगत का रुख कर लेते हैं।

फेडरेशन ऑफ इंडियन माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज के महासचिव अनिल भारद्वाज ने बताया कि बैंकों से लोन मिलने में होने वाली दिक्कत का एक सबसे बड़ा कारण है कि 80 प्रतिशत एमएसएमई अनधिकृत इलाके से अपनी फैक्ट्री का संचालन करते हैं या कारोबार करते हैं। सभी को बैंकों से आसानी से लोन मिलने के लिए शहरी निकायों को इन इलाकों को अधिकृत घोषित करना होगा।

अनधिकृत इलाके से संचालन की वजह से एमएसएमई की लागत भी अधिक हो जाती है।

# मुंबई में दो पक्षों में विवाद, 3 लोगों की हत्या

### चाकू-धारदार हथियार से किया एक-दूसरे पर हमला; 3 साल से दुश्मनी थी

**मुंबई।** मुंबई के बोरीवली इलाके में रविवार शाम दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। झगड़ा इतना बड़ा ही दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर चाकू और धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस घटना में 3 लोगों की मौत हुई है और 4 अन्य घायल हैं। एमएचबी थाना पुलिस के मुताबिक, घटना गणपत पाटिल नगर झुग्गी इलाके की है। यहां




रहने वाले राम नवल गुप्ता और हमीद शेख के परिवार के बीच पुरानी दुश्मनी थी। साल 2022 में दोनों परिवार ने किसी विवाद में एक-दूसर के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसके चलते दोनों परिवार का रविवार को फिर से विवाद हुआ। राम नवल गुप्ता की नारियल बेचने की दुकान है। शाम के वक्त हमीद शेख शराब के नशे में नवल की दुकान पर पहुंचा। दोनों के बीच विवाद हुआ। दोनों के बेटे भी आ गए, सभी में हाथापाई हुई।

### 13 वर्षीय रेप विक्टिम ने बच्ची को जन्म दिया

**राजकोट।** राजकोट में रविवार को दुष्कर्म पीड़ित 13 वर्षीय मासूम ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। खेलने-कूदने की उम्र में मां बनी इस बच्ची के साथ उसके ही चचेरे भाई और उसके दोस्त ने दुष्कर्म किया था। बच्ची को 33 हफ्ते का गर्भ था। 12 मई को गुजरात हाईकोर्ट ने अबॉर्शन की इजाजत दी थी।



### हैप्पी मॉर्निंग

पति-पत्नी की लड़ाई हो गई दिनभर चुपचाप रहने के बाद पत्नी, पति के पास आकर बोली- इस तरह झगड़ा करने बाद अच्छा नहीं लग रहा। एक काम करते हैं, थोड़ा तुम समझौता करो, थोड़ा मैं करती हूं। पति- ठीक है, क्या करना है? पत्नी- तुम मुझसे माफी मांग लो और मैं आपको माफ कर देती



### शायरी

दोष दूसरों ढूँढता, घृणित सोच शैतान।
जो गल्ती से सीख ले, वही सफल इंसान।।

### अर्थसार



सेंसेक्स:
82,330.59
-200.15 (0.24%)
निफ्टी:
25,019.80
-42.30

### मौसम



अधिकतम : 39 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 5 : 40
सूर्यास्त सोमवार : 7 : 02

# स्टालिन की गैर-भाजपा शासित 8 मुख्यमंत्रियों को चिट्ठी

### कहा- राष्ट्रपति के सुप्रीम कोर्ट से पूछे संदर्भों का विरोध करें; मुर्मू ने 14 सवाल पूछे थे

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, केरल, झारखंड, पंजाब और जम्मू-कश्मीर (सभी गैर-भाजपा शासित राज्य) के 8 राज्यों के मुख्यमंत्रियों को चिट्ठी लिखी। इसमें उन्होंने राष्ट्रपति के सुप्रीम कोर्ट से मांगे गए संदर्भ का विरोध करने की अपील की है।

स्टालिन ने लिखा- हम सभी जानते हैं कि जब किसी मुद्दे पर कोर्ट के आधिकारिक फैसले से पहले ही निर्णय लिया जा चुका हो, तब सुप्रीम कोर्ट के



सलाह देने के क्षेत्राधिकार का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। फिर भी भाजपा सरकार ने राष्ट्रपति पर संदर्भ मांगने के लिए जोर दिया है, जो उनके भयानक इरादे बताता है। इसके बावजूद भाजपा सरकार ने संदर्भ मांगने पर जोर दिया है, जो उनके भयावह इरादे की ओर इशारा करता है। मैं गैर-भाजपा शासित सभी राज्यों से अपील करता हूं कि राष्ट्रपति द्वारा सुप्रीम कोर्ट में भेजे गए संदर्भ का विरोध करें।

### पुलिसिंग रिव्यू

#### जनता की शिकायत नहीं सुनते, महिला स्टार परफॉर्मर से चौकी छिनी

# पुलिसिंग रिव्यू : काशी में 107 दरोगा को जीरो नंबर मिले

वाराणसी। वाराणसी में दरोगा सीएम विंडो पर की गई जनता की शिकायतें नहीं सुनते। यह रिपोर्ट खुद पुलिसिंग रिव्यू में सामने आई है। हैरानी की बात यह है कि जिले के 100 प्रतिशत सब इंस्पेक्टर ऐसे निकले, जिन्होंने शिकायत सुनने में रुचि ही नहीं दिखाई। इस रिपोर्ट से वाराणसी में पुलिसकर्मियों की पोल खुल गई है।

100 नंबर के रिव्यू में कोई भी दरोगा फर्स्ट डिवीजन पास नहीं हुआ। स्टार परफॉर्मर भी 60 प्रतिशत अंक नहीं पा सके। 107 दरोगा को जीरो नंबर मिले है। 345 दरोगा के नंबर दहाई में भी नहीं आए। कल स्टार परफॉर्मर बनी महिला दरोगा से चौकी छीन ली गई, उन्हें कोतवाली में अटैच कर दिया गया।

यूपी में कमिश्नरेट लागू होने के बाद पहली बार वाराणसी में पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने पुलिसिंग का रिव्यू किया, जिसमें 589 दरोगा शामिल हुए। रिव्यू में सामने आया कि 50 से ज्यादा दरोगा तो एफआईआर भी नहीं लिख पाते।

#### आईजीआरएस निस्तारण में 589 दरोगा को जीरो अंक मिले

सब इंस्पेक्टर परफॉर्मेंस रिपोर्ट की मानें तो सबसे अहम आईजीआरएस निस्तारण में शत प्रतिशत दरोगा




फिसड्डी हैं। 589 दरोगाओं ने आईजीआरएस यानि सीएम डैशबोर्ड के प्रार्थनापत्र निस्तारित करने में रुचि नहीं दिखाई। सभी जनता की शिकायतों के निस्तारण में पीछे रहे। इस रिव्यू में सभी दरोगा को जीरो नंबर मिले। वहीं 100 दरोगा में कार्यशैली, टाइमिंग और संगठनात्मक क्षमता कम दिखी। इसके अलावा ये पुलिसकर्मी अनुशासन, व्यवहार, नियम और आदेशों के पालन में भी लापरवाह नजर आए।

#### 345 दरोगा दहाई का अंक नहीं छू पाए

पुलिस रिव्यू में 345 दरोगा दहाई का अंक भी पार नहीं कर पाए। 107 का तो खाता तक नहीं खुला। 478 दरोगा ऐसे निकले, जिनके 50 फीसदी नंबर नहीं आए। कई दरोगा एक दो और पांच नंबर ही ला पाए। सभी सवालों में जीरो नंबर पाने 107 दरोगाओं पर कार्रवाई की गाज गिर सकती है।

इन सभी सब इंस्पेक्टर की पुलिस अफसरों ने अलग से लिस्ट बनाई है। जल्द ही इन्हें पुलिस लाइन भेजा जाएगा। एक महीने तक इनके काम का रिव्यू करके ही अगली तैनाती दी जाएगी।

#### 400 से ज्यादा दरोगा का गुडवर्क नहीं

रिपोर्ट में सामने आया कि 400 से ज्यादा दरोगा ने गुडवर्क नहीं किया। उन्होंने अपनी तैनाती में कोई बड़ा खुलासा या ऐसा काम नहीं किया, जिसमें पुरस्कार या प्रशस्ति पत्र मिला हो।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
सोमवार 19 मई 2025
Www.vishalindia.in

## संपादकीय

# मौन का लोकतंत्र - जब प्रधानमंत्री चुप रहते हैं और देश सवाल करता है

**‘हर एक बात पे कहते हो तुम कि ‘तू क्या है?’
तुम्हीं कहो कि ये अंदाज़-ए-गुफ़्तगू क्या है?’ — मिर्ज़ा ग़ालिब**



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

यह शेर आज के भारत की लोकतांत्रिक विडंबना को बयान करता है। एक ऐसा देश, जो स्वयं को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहता है, उसका प्रधानमंत्री जनता के सामने प्रेस कॉन्फ़्रेंस में सवालों का जवाब देने से परहेज़ करता है — यह न केवल चिंताजनक है, बल्कि लोकतंत्र के सिद्धांतों का खुला अपमान भी है।

11 वर्षों का प्रधानमंत्री कार्यकाल — लेकिन एक भी खुली प्रेस कॉन्फ़्रेंस नहीं। यह आंकड़ा अब केवल आलोचना का विषय नहीं रहा, यह भारतीय लोकतंत्र के स्वास्थ्य पर एक गंभीर सवाल बन चुका है।

यही नरेंद्र मोदी जब विपक्ष में थे, तो तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को ‘मौन सिंह’ कहकर उनका उपहास उड़ाते थे। लेकिन मनमोहन सिंह ने न केवल नियमित प्रेस कॉन्फ़्रेंस कीं, बल्कि कठोर से कठोर सवालों का भी उत्तर दिया — बिना नाराज़ हुए, बिना मीडिया को ‘पकौड़ा पत्रकार’ कहे।

### विश्व के प्रमुख लोकतंत्रों में ऐसा मौन कहीं नहीं है।

- अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडन हों या डोनाल्ड ट्रंप — दोनों नियमित प्रेस कॉन्फ़्रेंस करते हैं, जहां तीखे और असहज सवाल पूछे जाते हैं, और जवाब देना बाध्यता होती है।
- ब्रिटेन में प्रधानमंत्री को हर बुधवार "Prime MinisterÓs Questions (PMQs)" का सामना करना होता है, जहाँ विपक्ष, मीडिया और जनता खुले तौर पर सरकार से जवाब मांगती है।
- जर्मनी, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस — सभी लोकतांत्रिक देशों में पत्रकारों से बातचीत को लोकतंत्र की बुनियादी ज़रूरत माना जाता है, न कि खतरा।

### फिर भारत में ये डर क्यों है?

मोदी सरकार संवाद से क्यों कतराती है? क्या इसलिए कि सवाल कठिन हैं, या इसलिए कि जवाबों में सच कम है?

आज प्रधानमंत्री केवल ‘मन की बात’ करते हैं। लेकिन ‘जन की बात’ सुनने के लिए उनके पास समय नहीं है। मीडिया का बड़ा वर्ग सरकार के प्रचारतंत्र में बदल चुका है। लेकिन यह भी सच है कि लाखों ईमानदार पत्रकार आज भी सवाल पूछना चाहते हैं। जवाब न देना, उन्हें चुप कराना, देश की आत्मा को कुचलने जैसा है।

### एकतरफा संवाद, लोकतंत्र नहीं होता। वह प्रचार होता है।

जब जनता बोलती है और सरकार सुनती है, तब वह जनतंत्र होता है। लेकिन जब सरकार अकेले बोलती है और जनता से सवाल पूछने का अधिकार छीन लिया जाता है, तब वह तानाशाही की ओर पहला कदम होता है।

### भारत के पूर्व प्रधानमंत्रियों ने संवाद की गरिमा को समझा।

- अटल बिहारी वाजपेयी ने संकट के समय प्रेस को बुलाया और आलोचनाओं को गरिमा के साथ झेला।
- इंदिरा गांधी, आपातकाल जैसे विवादास्पद दौर में भी प्रेस कॉन्फ़्रेंस से नहीं भागीं।
- राजीव गांधी, नरसिंह राव, देवगौड़ा, वाजपेयी, मनमोहन सिंह — सभी ने प्रेस के सवालों का सामना किया, जवाब दिया।

लेकिन मोदी जी का संवाद सिर्फ कैमरे से है, जनता से नहीं। और यह लोकतंत्र के लिए एक खतरनाक संकेत है।

### क्या यही है नया भारत?

जहां प्रधानमंत्री सवालों से भागते हैं, और जनता की आवाज को ‘टुकड़े-टुकड़े गैंग’ कहकर दबा दिया जाता है?

### लोकतंत्र में संवाद जिम्मेदारी है, अहसान नहीं।

प्रधानमंत्री का जनता से सीधे संवाद करना कोई ‘अनुकंपा’ नहीं है, यह उनकी संवैधानिक ज़िम्मेदारी है। जब वे इससे मुंह मोड़ते हैं, तो वे लोकतंत्र से नहीं, उसके मूल्यों से भागते हैं।

### अब वक्त है कहने का

‘मौन अब शर्म नहीं, अपराध बन गया है।
लोकतंत्र में चुप रहना तानाशाही की पहली सीढ़ी है।’
और हमें यह सीढ़ी कभी चढ़ने नहीं देनी है।

# विकल्प और भी हैं तुर्किये को सबक सिखाने के

तुर्किये के राष्ट्रपति रिसेप तैय्यिप एर्दोआन अपनी प्रशंसा से गद ्गद हैं। पाकिस्तान में तुर्किये के राजदूत इरफान नेजीरोग्लू के साथ मुलाक़ात के दौरान शहबाज़ शरीफ ने कहा, ‘राष्ट्रपति एर्दोआन ने एक बार फिर पाकिस्तान के लोगों के प्रति अपने प्यार का प्रदर्शन किया है। उन्होंने पाकिस्तान-तुर्किये भाईचारे के इतिहास में एक नया और गौरवशाली अध्याय जोड़ा है।’ लेकिन, तुर्किये की इस करतूत के खिलाफ भारत में लगातार ग़ुस्से का इज़हार किया जा रहा है। यह विडम्बना ही है, भारत के खिलाफ युद्ध के लिए उकसाने वाला तुर्किये, इन दिनों रूस-यूक्रेन के बीच शांति वार्ता की मेज़बानी कर रहा है। लेकिन क्या तुर्किये का इलाज उसकी चंद कंपनियों को भारत में काम करने से रोकने, तुर्किये के विश्वविद्यालय इनोनु के साथ जेएनयू का शैक्षणिक एक्सचेंज समझौता रद्द कर देने भर से सम्भव है?

प्रश्न यह भी है, कि क्या जेएनयू को ऐसा कोई निर्देश मानव संसाधन मंत्रालय से गया था, कि इनोनु से 2028 तक हुआ ‘एमओयू’ तोड़ दो? जेएनयू का चीनी विश्वविद्यालयों के साथ विभिन्न शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के लिए एमओयू हो चुका है। इनमें संयुक्त शोध परियोजनाएं, शिक्षक-छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम, और पाठ्यक्रम विकास शामिल हैं। जेएनयू के ‘ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ़ एकेडमिक नेटवर्क’ ने दुनिया भर के विश्वविद्यालयों के साथ 35 से अधिक पाठ्यक्रम संचालित किए हैं। संयुक्त शोध परियोजनाओं पर पेइचिंग विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी भी की है। तुर्किये समेत इन सभी देशों से भारत के कूटनीतिक सम्बन्ध सामान्य चल रहे हैं। फिर, तुर्किये के विश्वविद्यालय ‘इनोनु’ के साथ जेएनयू का शैक्षणिक एक्सचेंज समझौता स्वतःस्फूर्त तरीके से रद्द कर देना, कई सवाल खड़े कर देता है। तुर्किये के विश्वविद्यालय के साथ ऐसा कर सकते हैं, तो चीनी विश्वविद्यालयों के साथ क्यों बगलगीर हैं?

भारत-पाक युद्ध में चीनी मिसाइलें छूट रही थीं। चीनी रक्षा प्रणाली नहीं होतीं, तो पाकिस्तान की मिट्टी-पलीद हो जाती। लेकिन चीन के विरुद्ध चूं नहीं बोला जा रहा है।

# यूपी की राजनीति में गिरती भाषा और बढ़ती ट्रोलनीति

**अजय कुमार,वरिष्ठ पत्रकार**



उत्तर प्रदेश की राजनीति में हाल के दिनों में जिस तरह की तीखी बयानबाजी और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली बहसों ने तूल पकड़ा है, उसमें सबसे हालिया और विवादास्पद मामला समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल द्वारा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी है। यह मामला न सिर्फ एक राजनीतिक टकराव का प्रतीक है, बल्कि यह दर्शाता है कि किस प्रकार डिजिटल युग में राजनीतिक दलों की ओर से किए गए पोस्ट सीधे सामाजिक सौहार्द, नैतिक मर्यादा और राजनीतिक विमर्श की गरिमा पर असर डाल सकते हैं। 16 मई को सपा मीडिया सेल के एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल से एक पोस्ट किया गया जिसमें बृजेश पाठक के डीएनए पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। इस पोस्ट में उपमुख्यमंत्री की तुलना सोनागाछी और जीबी रोड जैसे देश के रेड लाइट एरिया से जोड़ते हुए यह कहा गया कि उनका डीएनए इन क्षेत्रों में नियमित रूप से आने वाले लोगों से मिलाया जाना चाहिए, ताकि उनकी वास्तविक पहचान सामने आ सके। पोस्ट में जिस प्रकार के शब्दों और प्रतीकों का इस्तेमाल किया गया, वह न केवल अभद्र था, बल्कि महिलाओं और वंचित वर्गों के प्रति भी एक अपमानजनक दृष्टिकोण को उजागर करता है। यही कारण था कि इस पोस्ट को लेकर तीव्र राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आई और बृजेश पाठक ने स्वयं इसे अपनी दिवंगत माता-पिता का अपमान बताते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव से सार्वजनिक रूप से पूछा कि क्या यही उनकी पार्टी की भाषा है।

बृजेश पाठक ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि समाजवादी पार्टी के नेताओं ने जिस स्तर की मानसिकता का परिचय इस पोस्ट के माध्यम से दिया है, वह न केवल स्त्री विरोधी है बल्कि पतित सोच को भी दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में विचारों का विरोध होता है, लेकिन किसी के चरित्र और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर इस तरह के व्यक्तिगत हमले करना राजनीति को गटर में ले जाने जैसा है। उन्होंने अखिलेश यादव से यह स्पष्ट करने को कहा कि क्या यह उनकी पार्टी की अधिकृत नीति है या किसी असंतुलित व्यक्ति की निजी राय, जिसे पार्टी ने अनुमति दे दी। उन्होंने कहा कि समाजवाद के नाम पर सपा जिन बातों को बढ़ावा दे रही है, वह केवल गाली-गलौच, जातिगत विद्वेष और अनैतिक आचरण का पर्याय बन चुका है।

इस पूरे मामले ने भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को भी सक्रिय कर दिया। लखनऊ महानगर भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने हजरतगंज थाने में समाजवादी पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। एफआईआर में यह कहा गया कि यह पोस्ट न केवल जातीय विद्वेष फैलाने वाली है, बल्कि महिलाओं का घोर अपमान करती है और समाज में आपसी सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास करती है। इसके अलावा पार्टी कार्यकर्ताओं ने लखनऊ में विरोध प्रदर्शन करते हुए अखिलेश यादव का पुतला जलाया और समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इस प्रकार की अभद्रता के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से कोई सार्वजनिक माफी नहीं मांगी जाती, तो वे आंदोलन तेज करेंगे।

वहीं अखिलेश यादव ने इस पूरे प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि उन्होंने अपने सभी कार्यकर्ताओं से संयमित भाषा का प्रयोग करने को कहा है। लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि उपमुख्यमंत्री को भी अपनी भाषा और व्यवहार पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में यदि सत्ता पक्ष की ओर से निरंतर अनर्गल आरोप लगाए जाएंगे, तो विपक्षी कार्यकर्ताओं में भी प्रतिक्रिया की भावना उत्पन्न होगी। अखिलेश का यह बयान इस ओर इशारा करता है कि वे इस मामले में पूरी तरह सपा की सोशल मीडिया टीम के साथ खड़े हैं और उन्होंने यह भी संकेत दिया कि यदि भाजपा को ऐसी टिप्पणियों से आपत्ति है तो उन्हें भी अपने नेताओं के बयानों की जांच करनी चाहिए।

बृजेश पाठक ने इसके जवाब में अखिलेश यादव पर एक बार फिर से तीखा प्रहार किया और कहा कि समाजवादी पार्टी अब समाजवाद की प्रयोगशाला नहीं, बल्कि गाली-गलौच की प्रयोगशाला बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जिस डॉ. राममनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण के सिद्धांतों को सपा अपनाने का दावा करती है, उनकी आत्मा इस तरह के कृत्यों से व्यथित होगी। पाठक ने यह भी कहा कि राजनीति में नैतिकता और शालीनता होनी चाहिए, लेकिन सपा नेतृत्व ने अब इसे पूरी तरह ताक पर रख दिया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि विपक्षी दलों को लगता है कि सत्ता पक्ष की नीतियों में कोई त्रुटि है, तो उन्हें तथ्यों के आधार पर बात करनी चाहिए, न कि व्यक्तिगत स्तर पर जाकर अनर्गल आरोप लगाने चाहिए।

यह प्रकरण न सिर्फ एक राजनेता के मान-सम्मान से जुड़ा है, बल्कि यह पूरे लोकतंत्र की परिपक्वता पर भी सवाल खड़ा करता है। सोशल मीडिया आज राजनीति का एक अत्यंत प्रभावशाली मंच बन चुका है। लेकिन जिस प्रकार से राजनीतिक दलों की ओर से इस मंच का उपयोग अब मर्यादाहीन और असंयमित भाषा के लिए किया जा रहा है, वह बेहद चिंताजनक है। यह केवल एक दल या एक नेता का मुद्दा नहीं है, बल्कि पूरे राजनीतिक विमर्श की गिरती गुणवत्ता का प्रमाण है। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में स्वस्थ आलोचना एक अनिवार्य तत्व होती है, लेकिन जब यह आलोचना निचले स्तर पर जाकर निजी जीवन, पारिवारिक पृष्ठभूमि और जातिगत पहचान पर केंद्रित हो जाए, तो इससे न केवल राजनीतिक वातावरण दूषित होता है, बल्कि आम जनता के बीच भी राजनीति के प्रति विश्वास में गिरावट आती है।

इस घटनाक्रम से यह भी स्पष्ट होता है कि राजनीतिक दलों को अपने सोशल मीडिया प्रबंधन के लिए केवल तकनीकी दक्षता नहीं, बल्कि वैचारिक परिपक्वता और सामाजिक जिम्मेदारी का भी ध्यान रखना चाहिए। यह आवश्यक है कि सोशल मीडिया टीमों को केवल पार्टी लाइन का प्रचार करने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें यह भी सिखाया जाए कि भाषा की मर्यादा और समाज की संवेदनाओं का आदर किस प्रकार किया जाता है। इस दिशा में अगर सख्ती नहीं बरती गई, तो आने वाले समय में राजनीतिक संवाद केवल ट्रोल संस्कृति में सिमटकर रह जाएगा।


साथ ही यह मामला महिलाओं के प्रति सम्मान और सामाजिक चेतना से भी जुड़ा हुआ है। जिस प्रकार से पोस्ट में रेड लाइट क्षेत्रों और वहाँ काम करने वाली महिलाओं को उपहास का माध्यम बनाया गया, वह स्त्री विरोधी मानसिकता की ओर इशारा करता है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की बात करने वाले दल यदि इस प्रकार की अभद्रताओं को संरक्षण देते हैं, तो यह न केवल पाखंड है बल्कि उस समावेशी समाज के खिलाफ एक सीधा प्रहार है जिसकी कल्पना संविधान करता है।

आखिरकार यह पूरा विवाद इस बात की ओर संकेत करता है कि भारतीय राजनीति को अब विचारधारा की बजाय ट्रोलिंग और बदजुबानी के रास्ते पर धकेला जा रहा है। यह जरूरी है कि देश के सभी राजनीतिक दल, चाहे वे सत्ता में हों या विपक्ष में, इस प्रवृत्ति पर गंभीर आत्ममंथन करें। राजनीतिक विमर्श को गरिमामय बनाना केवल भाषणों और घोषणाओं से नहीं होगा, बल्कि वह नेताओं और उनके संगठनों की वास्तविक नीयत और कार्यशैली से प्रकट होगा। अगर इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में यह संभावना प्रबल है कि राजनीति में वैचारिक संघर्ष के स्थान पर व्यक्तिगत अपमान और नैतिक पतन ही मुख्य हथियार बन जाएंगे।

यह भारतीय लोकतंत्र के लिए एक खतरनाक संकेत होगा और इसका दुष्परिणाम देश की जनता को ही भुगतना पड़ेगा।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3534




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आगे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 3533 का हल



## हंसी के फूव्वारें

मालकिन ने नई नौकरानी से पूछा- ‘देखो ! मैं ज्यादा बातचीत नहीं करती. अगर मैं अंगुली से इशारा करूँ तो समझ लो कि मैं बुला रही हूँ.’

इस पर नौकरानी बोली- ‘जी ! मैं भी बहुत कम बोलना पसन्द करती हूँ. अगर मैं अपना सिर हिला दूं तो समझ जाइये कि मैं नहीं आ सकती.’

□ □ □

जेल की एक कोठरी में बैठे तीन कैदी बता रहे थे कि वे क्यों पकड़कर बन्द कर दिये गए ?

पहला- ‘मै चुनाव में राजनारायण के पास में काम कर रहा था !’

दूसरा- ‘और मैं राजनारायण के खिलाफ काम कर रहा था !’

तीसरा- ‘राजनारायण मैं खुद हूँ.’

□ □ □

प्रेमिका बोली, ‘‘मैं किसी ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह न करूंगी जो झूठ बोलता हो.’’

प्रेमी बोला, ‘‘तब तो तुम सारा जीवन कुंवारी रहोगी.’’

□ □ □

मंत्री जी ने अस्पताल के नवनिर्मित ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन करते हुए अपने भाषण में कहा- ‘‘भाइयों, ऑपरेशन थिएटर का निर्माण एक अच्छी बात है. इतने बड़े अस्पताल में रोगियों के मनोरंजन के लिए उनका अपना थिएटर होना बहुत जरूरी है.’’

## फिल्म वर्ग पहेली- 3534



**बायें से दायें:-**

१. मनोज वाजपेयी, अरशद, तब्बू, की ‘बाब मेरी ये’ गीत वाली फिल्म-२
२. ‘जीवन से भरी’ गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
४. सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की ‘हैलो हैलो बोलके’ गीत वाली फिल्म-३
६. ‘ऐसा मिलन कल हो ना’ गीत वाली सैफअली, काजोल की फिल्म-३
८. कुमार गौरव, विजयेता की ‘याद आ रही है’ गीत वाली फिल्म-२,२
१०. ‘आँखें’ ती नायिका कौन थी-२
१२. ‘दिल में छुपाके प्यार’ गीत वाली दिलीपकुमार, निम्मी की फिल्म-२
१३. दिलीपकुमार, मीना की ‘राधा ना बोले ना’ गीत वाली फिल्म-३
१४. ‘किसी से तुम’ गीत वाली लारा दत्ता, प्रियंका, अक्षय की फिल्म-३
१६. राजकपूर, राजेंद्र, वैजयंती की ‘मैं क्या करूंराम’ गीत वाली फिल्म-३
१७. ‘छूकर मेरे मन को’ गीत वाली अमिताभ, अमजद, नीतू की फिल्म-३
२०. फिल्म ‘कहानी किस्मत की’ में धमेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२२. नसीर, आमिर, सौनाली, उपासना की ‘जो हाल दिल’ गीत वाली फिल्म-५
२४. ‘दिल में जागी धड़कन’ गीत वाली लक्की अली, गौरी की फिल्म-२
२५. अशोककुमार के गाये बालगीत ‘रेलगाड़ी रेलगाड़ी’ वाली फिल्म-४
२७. ‘घर आजा परदेसी’ गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
२८. संजयदत्त, मनीषा की ‘कसम से कसम से’ गीत वाली फिल्म-३
२९. अजय, अभिषेक, रानी, एशा की ‘कभी नीम नीम’ गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२. संजयदत्त, जूही चावला की ‘आलारे पाउस अला’ गीत वाली फिल्म-३
३. आशुतोष गोवारीकर की बहुचर्चित फिल्म ‘लगान’ के संगीतकार कौन है-४
४. जीतेंद्र, रीना रामेश्वरी की फिल्म-२
५. संजय खान, मुमताज की ‘ऐ हसीनों नाजनीनों’ गीत वाली फिल्म-२
७. ‘दिल मेरा अकेला’ गीत वाली आमिर, फैजल, ट्विंकल की फिल्म-२
९. फिल्म ‘मन की आँखें’ की नायिका थी-३
११. शाहरूख, माधुरी की ‘बड़ी मुश्किल है’ गीत वाली फिल्म-३
१२. ‘गोरिया रे गोरिया रे’ गीत वाली जैकी, जूही, अमृता की फिल्म-३
१३. राजकपूर, नर्गिस की ‘काहे कोयल शोर मचाये’ गीत वाली फिल्म-२
१४. ‘तन्हा तन्हा दिल धड़के’ गीत वाली अक्षय कुमार, सोनाली की फिल्म-३
१५. ‘अभिमान’ में अमिताभ की नायिका-२
१६. राज बब्बर, रेखा की ‘राधारानी ना जइयो’ गीत वाली फिल्म-३
१८. राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१९. ‘बेचारा दिल क्या करे’ गीतवाली फिल्म-३
२१. धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
२२. ‘कोयल बोली दुनिया डोली’ गीत वाली फिल्म-४
२३. अमिताभ, संजीव, शर्मिला की फिल्म-३
२५. ‘मैं तो हुँ पागल मुंडा’ गीत वाली फिल्म-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3533



## सूडोकु -3534

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3533 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## शब्द पहेली - 3534



**बाएँ से दाएँ**

1.दयालु,उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**


1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली - 3533 का हल



# यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में धड़ल्ले से काटी जा रही अवैध कॉलोनियां



**AIRPORT CITY 35C**
**(NIHAL SING ENCL.)**
(Noida International Film City)
(Luxury Living At Affordable Price)
PRICE LIST & PAYMENT PLAN
w.e.f- 01 Apr. 2025

Basic Sales Price (BSP) : INR 35,000/Sq. Yard

DOWN PAYMENT PLAN

| | |
|---|---|
| At the time of Booking | INR 5,00,000/- |
| Within 45 Days (At the time of Registry) | 100% of the Total Cost |
| At the time of Possession | 100% of IDC/EDC |

ADDITIONAL CHARGES

| | |
|---|---|
| Preferred Location Charges (Corner/Park Facity) | 10% of BSP |
| Preferred Location Charges (Corner+25 Feet Road) | 15% of BSP |
| Development Charges (EDC / IDC) | INR 600 Per Sq. Yard |

TERMS & CONDITIONS
- Cheque/Bank Drafts to be issued in favour of "Keshav Kunj Infra And Services Pvt. Ltd." Payable at NOIDA only. Outstatio Cheques shall not be accepted.
- All Specifications, design, layout & conditions are only inductive & to change at the sole discretion of builder or other competent authority.
- PLC/Development Charges will be required to pay at the time of Registry.
- Registration Fee, Stamp duty, meter charges, Maintenance charges or any other legal charges levied by Govt. shall be paid by allottee/applicant at the time of Registry / possession.
- The Price mentioned above is subject to revision at the sole direction of company.
- No transfer / sale of the said unit shall be permitted within 6 months of launch.
- For Loan processing KYC documents will be required for checking the eligibility.

## प्राधिकरण की अनुमति के बिना हो रही प्लॉटिंग

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र मेंएयरपोर्ट सिटी 35 सी - निहाल सिंह एनक्लेव नामक एक बड़ी आवासीय कॉलोनी धड़ल्ले से बेची जा रही है। कॉलोनी को नोएडा इंटरनेशनल फिल्म सिटी के पास गेटेड टाउनशिप और रेजिस्ट्री, दाखिल-खारिज एवं कब्जा उपलब्ध बताकर प्रचारित किया जा रहा है।

हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में बिना प्राधिकरण की ले-आउट स्वीकृति, ज़ोनिंग परिवर्तन, व भूमि उपयोग अनुमति (Land Use Approval) के कोई भी कॉलोनी विकसित करना पूर्णत: अवैध है।

बावजूद इसके, Keshav Kunj Infra and Services Pvt. Ltd. द्वारा कॉलोनी का जोर-शोर से प्रचार किया जा रहा है। ग्राहकों को गुमराह करने के लिए ना लॉटरी, ना इंतजार, प्लॉट तैयार हैं जैसे नारों का उपयोग किया जा रहा है।

विशेष बात यह है कि इस कॉलोनी के विज्ञापन में 8 एकड़ गेटेड सोसाइटी, 24×7 सिक्योरिटी, मंदिर, क्लब हाउस, सड़क, सीवर, स्ट्रीट लाइट आदि सुविधाओं का दावा किया गया है, जबकि इस तरह के विकास कार्यों के लिए कोई वैध स्वीकृति प्राधिकरण की वेबसाइट या दस्तावेज़ों में उपलब्ध नहीं है।

यदि यह कॉलोनी रबूपुरा नगर पंचायत के अंतर्गत है और साथ ही YEIDA की अधिसूचित सीमा में आती है, तो यह गंभीर उल्लंघन है। ऐसी कॉलोनियां भविष्य में ध्वस्त की जा सकती हैं और प्लॉट खरीदारों को कानूनी संकट का सामना करना पड़ सकता है।

# सेक्टर-100 में दो मंजिल का सामुदायिक केंद्र बनेगा

### करीब चार हजार मीटर में छह करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगा

**नोएडा।** सेक्टर-100 में दो मंजिल का सामुदायिक केंद्र बनाया जाएगा। इसके लिए स्थान चिन्हित कर लिया गया है। करीब चार हजार मीटर में सामुदायिक केंद्र बनाया जाएगा। दो मंजिल के सामुदायिक केंद्र को बनाने में छह करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सामुदायिक केंद्र की स्वीकृति के लिए प्राधिकरण सीईओ को फाइन भेज जाएगी। सीईओ के स्वीकृति क बाद जल्द आगे की प्रक्रितया तेजी से शुरू कर दी जाएगी।

सेक्टर-100 दा विला के लोग लंबे समय से सामुदायिक केंद्र की मांग करते आ रहे हैं। सेक्टर में 85 प्रतिशत से अधिक मकान बन चुके हैं, जिनमें 65 से अधिक मकानों में लोग रह भी रहे हैं।सेक्टर में सामुदायिक केंद्र नहीं होने की वजह से लोगों को मजबूरी में सड़क पर ही शादी-समारोह आदि के कार्यक्रम करने पड़ रहे हैं। इससे लोगों की परेशानी बढ़ रही है। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष प्रमोद अवाना ने बताया कि में प्राधिकरण ने एसबीआई बैक के पास सार्वजनिक सुविधा के लिए भूमि छोड़ रही है।

उसी भूमि पर सामुदायिक केंद्र बनाने की तैयार की जा रही है। इसके लिए सर्वे भी हो चुका है। इसमें बैंक के साथ खाली भूमि के साथ पार्क का कुछ हिस्सा में सामुदायिक केंद्र में आएगा। उन्होंने बताया कि स्थान चिन्हित होने के बाद लगभग नक्शा भी बन चुका है। दो मंजिला का सामुदायिक केंद्र बनाया जाएगा। सामुदायिक केंद्र का पूरा क्षेत्र करीब चार हजार वर्ग मीटर का होगा। सामुदायिक केंद्र को बनाने की लागत करीब छह करोड़ रुपये आएगी। वहीं आरडब्ल्यूए के महासचिव आजाद चौहान ने बताया कि सेक्टर में ए, बी व सी तीन ब्लॉक है। तीनों ब्लॉक में सवा चार सौ मकान है। सेक्टर को बसे हुए करीब 15 वर्ष हो चुके हैं। सेक्टर में सामुदायिक केंद्र नहीं होने की वजह से काफी दिक्कतें हो रही है। अब सामुदायिक केंद्र बनाने की फाइल उच्चाधिकारियों की टेबल तक पहुंचने से जल्द सामुदायिक केंद्र बनाने की उम्मीद जगी है।

उन्होंने बताया कि जल्द ही प्राधिकरण सीईओ सामुदायिक केंद्र बनाने की फाइल को स्वकृति दे देंगे। इसके बाद आगे की प्रक्रिया तेजी से शुरू हो सकेगी। उम्मीद है कि जल्द सामुदायिक केंद्र बनाने का कार्य शुरू हो जाएगा।

सामुदायिक केंद्र बनाने से लोगों को मिलेगी बढ़ी राहत सेक्टर में सामुदायिक केंद्र बनने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

लोगों को सड़क पर और महंगे निजी मैरिज होम की तरफ रुख नहीं करना पड़ेगा। फिर सेक्टर के लोग आसानी से सेक्टर के ही सामुदायिक केंद्र में शादी-समारोह कर सकेंगे।

# बाउंड्री वॉल तोड़ने के मामले में 4 पर एफआईआर

### आरोपियों में महिला भी शामिल, धमकी देने का है आरोप




**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक परिवार की बाउंड्री वॉल तोड़ने का मामला सामने आया है। गांव फलैदा में रहने वाले सुरेन्द्र सिंह ने अपनी पड़ोसी महिला किरनवती, उसके बेटे कुमैर, भोपाल और विष्णु पर आरोप लगाया है।

सुरेन्द्र सिंह का अपने पड़ोसियों से पहले से विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते किरनवती और उसके तीन बेटों ने मिलकर सुरेन्द्र की बाउंड्री वॉल को क्षतिग्रस्त कर दिया। जब सुरेन्द्र ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें गालियां दीं। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। रविवार शाम को सुरेन्द्र सिंह की शिकायत पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# नोएडा में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

### गाड़ी का शीशा तोड़कर चोरी करने वाला बदमाश घायल, दो साथी गिरफ्तार



**नोएडा।** नोएडा में थाना सेक्टर 39 पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस ने एक बदमाश को मुठभेड़ में घायल किया। दो अन्य बदमाशों को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया।

सोम बाजार कट के सामने पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान स्कूटी पर सवार तीन संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया। बदमाश नहीं रुके और पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए सेक्टर 43 के जंगल की तरफ भागने लगे।

जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश नदीम को गोली लगी। नदीम दया बस्ती रेलवे कॉलोनी, सराय रोहिल्ला दिल्ली का रहने वाला है।

उसके पास से एक तमंचा .315 बोर, एक खोखा कारतूस और स्कूटी बरामद हुई। नदीम ने 15 मई को सेक्टर 36 में खड़ी एंडेवर कार से 4000 रुपये, आधार कार्ड और अन्य सामान चोरी किए थे। इनमें से 2000 रुपये और आधार कार्ड बरामद हुए हैं।

कॉम्बिंग के दौरान नदीम के दो साथी आकाश उर्फ टमाटर और आशीष को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों दया बस्ती रेलवे कॉलोनी, सराय रोहिल्ला दिल्ली के रहने वाले हैं।

एडिशनल डीसीपी सुमित शुक्ला के अनुसार, ये बदमाश गाड़ियों के शीशे तोड़कर चोरी और लूटपाट करते थे। नदीम पर एक दर्जन से अधिक लूट और चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास की और जानकारी जुटा रही है।

# दनकौर में बिजली कटौती पर सियासी बवाल

### सांसद प्रतिनिधि ने बिजली विभाग पर लगाए आरोप, विभाग ने दी कानूनी कार्रवाई की धमकी



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में बिजली कटौती को लेकर सियासी विवाद खड़ा हो गया है। शुक्रवार को आई तेज बारिश और आंधी ने क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह बाधित कर दिया। विभाग के अनुसार, आंधी से लगभग 400 बिजली के खंभे टूट गए।

पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी की व्यवस्था के लिए लोगों को जनरेटर संचालकों को 1000 रुपए तक देने पड़ रहे हैं।

इस मुद्दे पर सांसद डॉक्टर महेश शर्मा के प्रतिनिधि सोनू वर्मा ने सोशल मीडिया पर विभाग के खिलाफ पोस्ट किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली कर्मचारी काम करने की बजाय एसी कमरों में आराम कर रहे हैं। उनका कहना है कि अधिकारी अपने चहेतों की बिजली तो बहाल कर रहे हैं, लेकिन 5 हजार परिवारों की परेशानी की उन्हें चिंता नहीं है।

बिजली विभाग ने इन आरोपों को खारिज करते हुए पत्र जारी किया है। एसडीओ विनय कुमार ने बताया कि कर्मचारी दिन-रात काम कर रहे हैं। कई गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है। विभाग ने सांसद प्रतिनिधि के खिलाफ गलत सूचना फैलाने के लिए कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

## पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

**नोएडा।** एसीपी राजीव कुमार गुप्ता ने रविवार को पुलिसबल के साथ सेक्टर-63 थानाक्षेत्र में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि अगर कोई भी संदिग्ध वाहन दिखे तो बैरिकेडिंग लगाकर उसे रोका जाए। नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी पीसीआर और पीआरवी वाहनों को भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। एसीपी ने भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मौजूद महिलाओं और बुजुर्गों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को भी जाना।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक कंपनी से काम कर घर लौट रहा था, उसे तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मार दी। सूरजपुर कोतवाली में दिल्ली निवासी उमेश कुमार ने बताया कि 13 अप्रैल की रात उनका भाई सचिन अपनी बाइक से दादरी से हबीबपुर की ओर जा रहा था। देवला पुलिया के पास पहुंचे तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद सचिन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे शारदा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। वाहन के कुचलने से युवक घायल ग्रेटर नोएडा। पार्क कोतवाली में अलीगढ़ के मुबीन ने मामला दर्ज कराया है कि रिंकू निवासी कासगंज 24 अप्रैल की सुबह आगरा से नोएडा पहुंचा था। जीरो प्वाइंट के पास सड़क किनारे खड़ा होकर सवारी का इंतजार कर रहा था, तभी अज्ञात कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद रिंकू वहीं बेहोश होकर गिर पड़ा। राहगीरों की मदद से उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे मलखान सिंह अस्पताल अलीगढ़ रेफर कर दिया गया।

# निगम की टीम ने पानी की परखी समस्या

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वार्ड संख्या 95 कैला भट्टा में जलापूर्ति को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस मौके पर सर्वे भी किया गया। जलकल विभाग की अवर अभियंता पूजा राय द्वारा वार्ड संख्या 95 में हर घर जाकर जलापूर्ति की जांच की।

जो नलकूप सही प्रकार से चल रहे हैं उनको देखा गया, तथा जो नलकूप बंद पड़े हैं उन्हें तत्काल सही करने के निर्देश दिए। केला भट्टा गली नंबर 5 जलापूर्ति हो रही है। लालटेन फैक्ट्री रोड पर लगे नलकूप से जलापूर्ति हो रही है, मोहम्मद सुन्नी मस्जिद के पास लगे नलकूप से जल पूर्ति हो रही है। मुस्लिम फंड बैंक के पास लगे नलकूप से जलापूर्ति हो रही है। सरकारी स्कूल के पीछे कॉलोनी में लगे नलकूप से जलापूर्ति हो रही है। मदरसा स्कूल 30 एचपी नलकूप लगा है, जिससे जलापूर्ति हो रही है। गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग द्वारा सर्वे किया गया। स्थानीय लोगों ने वार्ड 95 में हो रही जलपूर्ति की जांच की। साथ ही लगातार इस व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भी कहा गया।

यहां पार्षद तथा अन्य क्षेत्र के लोगों ने भी वार्ड 95 की समस्याएं नगर आयुक्त को बताईं। जिसमें पीएसी चौक, जनरल प्राइमरी पाठशाला, मुख्तार होटल, दूधेश्वर नाथ गेट नंबर 2, मुख्तार होटल के पास, कल्लूपुरा, तथा कालूपुर कुरैशी के मकान के पास बंद पड़े नलकूपों को भी चालू करने के लिए कहा गया।

# टोल प्लाजा पर धौंस दिखाने वाला फर्जी दरोगा गिरफ्तार

### फर्जी पहचान पत्र, फर्जी आधार कार्ड और कार बरामद

एजेंसी

**नोएडा।** सूरजपुर थाना पुलिस ने रविवार को एक फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से नकली आईकार्ड, आधार कार्ड और कार बरामद किए गए। आरोपी पुलिस की धौंस दिखाकर टोल प्लाजा पर टोल टैक्स का लाभ लेता था। सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि रविवार को कलेक्ट्रेट के सामने से परी चौक की तरफ जाने वाली सर्विस रोड पर एक युवक संदिग्ध दिखाई दिया। टीम ने उससे बातचीत की तो उसने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए रौब झाड़ना शुरू कर दिया। पहचान पत्र मांगने पर उसने दिखाने में भी देरी नहीं की। जांच करने पर पता चला कि राहुल राणा के नाम से बना उसका पहचान पत्र फर्जी है।

इसके बाद उसे पूछताछ के लिए थाने लाया गया। आरोपी ने अपनी पहचान सूरजपुर के गांव देवला निवासी राहुल सिंह सिसौदिया के रूप में बताई। आरोपी ने बताया कि एक मोबाइल ऐप के माध्यम से उसने कुछ माह पहले ही उत्तर प्रदेश पुलिस के फर्जी उपनिरीक्षक का पहचान पत्र तैयार किया था।

उसने पुलिस का पहचान पत्र राहुल राणा के नाम से बनवाया हुआ था। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि 17 मई की शाम वह एक शादी समारोह में आगरा गया था।

उसने यमुना एक्सप्रेसवे पर जेवर टोल प्लाजा समेत दो टोल पर इसका इस्तेमाल किया। कार्ड दिखाकर वह टोल टैक्स पर बिना भुगतान किए कई बार यात्रा कर चुका है। इस संबंध में पुलिस ने जेवर टोल प्लाजा पर तैनात कर्मचारियों से बात की तो उन्होंने इसकी पुष्टि की। पुलिस ने आरोपी के पास से फर्जी पहचान पत्र, फर्जी आधार कार्ड और वैगनआर कार बरामद कर ली।

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

मोबाइल ऐप से फर्जी पहचान पत्र बनाया आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह मूलरूप से जिला हाथरस का रहने वाला है।

पिछले 10 वर्षों से परिवार के साथ देवला गांव में रहता है। वह 12वीं पास है और वर्तमान में ग्रेटर नोएडा स्थित एलईडी बनाने वाली कंपनी में नौकरी करता है। उसने बताया कि पिछले दिनों सोशल मीडिया पर वीडियो देखकर उसने मोबाइल ऐप के माध्यम से पुलिस का फर्जी पहचान पत्र बनाने का विचार आया। टोल प्लाजा पर लगने वाले टैक्स को बचाने और अन्य जगह रौब दिखाने के लिए उसने यह कार्ड बनवा लिया।

पहले भी पकड़े जा चुके फर्जी पुलिसकर्मी - 09 मई 2025 को सेक्टर-49 पुलिस ने एक फर्जी पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया। वह लोगों से होमगार्ड में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करता था। - 21 जनवरी 2025 को फेज-तीन थाना पुलिस ने डूब क्षेत्र में फर्जी दस्तावेज पर जमीन देने का झांसा देकर ठगी करने वाले फर्जी डिप्टी एसपी को गिरफ्तार किया था।

- 12 जून 2023 को बीटा-टू थाना पुलिस ने पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों से अवैध वसूली करने वाले फर्जी पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया था।

# शार्ट न्यूज

## शिक्षा और पत्रकारिता में योगदान

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के आईआईपीपीटी कॉलेज में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में भगवत प्रशाद शर्मा को एजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड-2025 से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के पूर्व निदेशक डॉ. विपिन ने यह सम्मान प्रदान किया। हरियाणा के पलवल जिले के गांव खाम्बी के मूल निवासी भगवत प्रशाद शर्मा पिछले 30 वर्षों से ग्रेटर नोएडा में रह रहे हैं। उन्हें यह सम्मान शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। शर्मा जी साहित्य के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। उनकी कविताएं और लेख नियमित रूप से विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहते हैं। नेशनल प्रेस टाइम्स और दैनिक हिंदुस्तान में उनकी रचनाएं प्रमुखता से छपती हैं। इनमें मातृ शक्ति को नमन, गंगा मैया की गोद में बसती है भारत की महान संस्कृति, वतन के रखवालों को सलाम और पापा की परी होती हैं बेटियां जैसी रचनाएं शामिल हैं। विभिन्न मंचों पर उन्हें अपनी कविताएं प्रस्तुत करने का अवसर मिलता रहता है।

## ग्रेटर नोएडा में तूफान का कहर

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के गांव दुबली में शनिवार को तेज आंधी-तूफान ने तबाही मचाई। एक दो मंजिला निर्माणाधीन मकान की दीवार पड़ोसी के घर की छत पर गिर गई। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना विजय कुमार के निर्माणाधीन मकान में हुई। उनके मकान की दूसरी मंजिल का निर्माण कार्य चल रहा था। दीवार का काम पूरा हो चुका था और लेंटर डालने की तैयारी थी। इसी दौरान तेज आंधी-तूफान के कारण दीवार पड़ोसी सुखवीरी देवी के मकान पर गिर गई। सौभाग्य से हादसे के समय सुखवीरी देवी और उनका परिवार घर में नहीं था। इसी तूफान में दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अस्तौली गांव में भी एक हादसा हुआ। यहां लगभग 200 वर्ष पुराना पेड़ गिर गया। पेड़ की चपेट में एक ट्रैक्टर आ गया, लेकिन ट्रैक्टर चालक बाल-बाल बच गया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को भी इस क्षेत्र में तूफान ने भारी नुकसान पहुंचाया था।

## घर से स्कूल के लिए निकला छात्र लापता

**नोएडा।** फेज-तीन थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी चौखंडी से 20 दिन पहले 13 वर्षीय छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। वह घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन स्कूल नहीं पहुंचा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छात्र को सकुशल बरामद करने के लिए टीम गठित कर दी है। पीड़ित देवेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से बिहार के जिला मधुबनी के रहने वाले हैं। परिवार के साथ गांव गढ़ी चौखंडी में रहते हैं। उनका बेटा कक्षा सात का छात्र है। गांव में ही एक स्कूल में पढ़ता है। शिकायतकर्ता और उनकी पत्नी एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं।27 अप्रैल की सुबह आठ बजे बेटा स्कूल जाने की बात कहकर स्कूल बैग लेकर घर से निकला था। शाम को दंपति जब कंपनी से घर पहुंचे तो घर पर बेटा नहीं मिला। स्कूल में जाकर जानकारी की तो पता चला कि वह स्कूल पहुंचा ही नहीं था। परिजन ने रिश्तेदार और जानकारी में तलाश की तो कोई सुराग नहीं मिला। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि माता-पिता पढ़ाई के लिए कहते थे तो वह नाराज हो जाता है।

## बुजुर्ग को फ्लैट दिलाने के नाम पर ठगी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट निवासी एक बुजुर्ग ने इन्वेस्टर्स क्लिनिक इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के एसोसिएट डायरेक्टर पर फ्लैट दिलाने के नाम पर 7.5 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। रमेश कुमार कक्कड़ का कहना है कि जुलाई 2024 में ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-4 स्थित बुलेवार्ड वॉक में एक रियल एस्टेट इवेंट में अपने बेटे और भाई के साथ पहुंचे। वहां उनकी मुलाकात रितुल शर्मा नामक व्यक्ति से हुई। रितुल ने खुद को इन्वेस्टर्स क्लिनिक का वरिष्ठ अधिकारी बताया।उसने एक फ्लैट दिलाने का भरोसा दिया। शुरुआत में कक्कड़ से एक लाख रुपये टू एक्मे प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर ट्रांसफर करवाए। इसे रितुल ने इन्वेस्टर्स क्लिनिक की सिस्टर कंसर्न बताया। इसके बाद 26 अगस्त को 6.5 लाख रुपये और ट्रांसफर कराए गए।

## सोसाइटी की मार्केट में टहल रही युवती से अभद्रता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की सुपरटेक इको विलेज-1 सोसाइटी की मार्केट में टहल रही युवती से कुछ युवकों ने अभद्रता की। युवती से गाली-गलौज करते हुए उसके मंगेतर के साथ भी मारपीट की। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता ने बताया कि 14 मई की शाम वह अपने मंगेतर के साथ सोसाइटी कीमार्केट में घूम रही थी। आरोप है कि तभी छह से सात लड़कों के समूह ने उनसे अभद्रता की। मंगेतर ने विरोध किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई ।युवती ने मुकुल त्यागी, रवि, मोनू और रोहित नाम के युवकों पर मारपीट का आरोप लगाया है। इस दौरान मौके पर मौजूद कुछ स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप किया। इसके बाद आरोपी गाली-गलौज कर घटनास्थल से फरार हो गए। बिसरख कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान किया जा चुका है।

## एनसीआर में 41 डिग्री तापतान में हीट वेव

**गाजियाबाद।** एनसीआर में आज भी भीषण गर्मी झेलनी है। जहां दोपहर 12 बजे के बाद तापमान 41 डिग्री पार है। जिससे लोगों को हीट वेव का सामना करना हेगा। आज न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हुई है। सुबह का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में अधिकतम तापमान 41 डिग्री के पार पहुंचने का अनुमान है। इससे पहले शनिवार शाम को एनसीआर के अलग अलग क्षेत्रों में तेज हवाएं चलीं। गाजियाबाद में कुछ मिनट तक धूल भरी आंधी के झोंके चले। बारिश जैसा मौसम रहा। शाम 6 बजे हल्की फुआर पड़ी। वहीं एक दिन पहले गाजियाबाद से सटे हापुड़ और नोएडा में आंधी और बारिश से मौसम बदला। पिछले 5 दिनों से लगातार लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को दिन भर तापमान अधिक रहा, शाम को अचानक से तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई। बुधवार से लेकर शुक्रवार तक तापमान 40 डिग्री के ऊपर पहुंचा।

## अवैध पटाखा फैक्टरी का खुलासा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मुरादनगर में शहजादपुर मार्ग स्थित गुलशन कॉलोनी में चल रही अवैध पटाखा फैक्टरी का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि पांच अन्य आरोपी फरार हो गए। एसीपी मसूरी सर्किल के अनुसार, गुलशन कॉलोनी में अवैध पटाखा निर्माण की सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर देर रात मुरादनगर थाना पुलिस ने छापा मारा। छापेमारी के दौरान एक आरोपी इरफान को गिरफ्तार किया गया। फरार आरोपियों में कामिल, समीर, आस मोहम्मद, महबूब और इसरार शामिल हैं। पुलिस ने मौके से दस पेटी फायर शॉट्स, एक हजार सुतली बम, दस पैकेट डेटोनेटर और पटाखा बनाने का सामान बरामद किया। पूछताछ में पता चला कि एनसीआर में पटाखों पर प्रतिबंध के बावजूद मांग अधिक होने के कारण आरोपी यह काम कर रहे थे। वे एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों में पटाखों की आपूर्ति करते थे।

## गाजियाबाद पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में पुलिस ने चेन स्नैचिंग के एक आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी के पैर में गोली लगी है, जबकि उसका एक साथी फरार हो गया। थाना मोदीनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो चेन स्नैचर मोटरसाइकिल से मेरठ की तरफ जा रहे हैं। चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो बाइक सवारों को रोकने का इशारा किया। आरोपी नहीं रुके और भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। दूसरा बदमाश अंधेरे और घने जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल बदमाश की पहचान मेरठ के लिसाड़ीगेट थाना क्षेत्र की शौकत कालोनी निवासी शाहरूख (23) के रूप में हुई है। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# मायावती ने भतीजे को चीफ नेशनल को-ऑर्डिनेटर बनाया

## नंबर-2 की पोजिशन; आकाश आनंद बोले- बहनजी माफ करने के लिए शुक्रिया

**लखनऊ/दिल्ली।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर भतीजे आकाश आनंद को बड़ी जिम्मेदारी दी है। आकाश को चीफ नेशनल को-ऑर्डिनेटर बनाया है। यह नंबर-2 की पोजिशन है। यानी, मायावती के बाद अब पार्टी में आकाश होंगे।

आकाश को अब तक का सबसे बड़ा पद दिया गया है। पार्टी ने पहली बार चीफ नेशनल को-ऑर्डिनेटर का पद बनाया है। इससे पहले आकाश नेशनल को-ऑडिनेटर थे।

बसपा तीन हिस्सों में बंटी है। उत्तर भारत, पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत। इसे तीन नेशनल को-ऑडिनेटर देखते हैं। तीन नेशनल को-ऑडिनेटर राजा राम, रामजी गौतम और रणधीर सिंह बेनीवाल हैं। अब ये तीनों आकाश को रिपोर्ट करेंगे।



16 महीने में मायावती ने आकाश को दो बार नेशनल को-ऑर्डिनेटर और उत्तराधिकारी बनाया था। लेकिन, दोनों ही बार हटा दिया गया।

आकाश को 3 मार्च को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। 40 दिन बाद, सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के बाद मायावती ने उन्हें पार्टी में वापस लिया था। इसके बाद से ही उन्हें पार्टी में बड़ा पद मिलने की संभावना जताई जा रही थी।

करीब एक साल बाद रविवार को दिल्ली में बसपा की ऑल इंडिया मीटिंग हुई। इसमें मायावती के साथ आकाश आनंद भी शामिल हुए। वह मायावती के पीछे-पीछे मीटिंग हॉल तक पहुंचे। मायावती के कुर्सी पर बैठने तक आकाश साइड में खड़े रहे।

## नाबालिग से छेड़खानी के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**ललितपुर।** बालाबेहट पुलिस ने नाबालिग के साथ छेड़खानी के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी, पाली सुनील कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बालाबेहट पुलिस द्वारा मु0असं0-34/2025 धारा 352/351(3)/74 बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट के अभियोग में वांछित अभियुक्त आरेन्द्र पुत्र राघवेन्द्र लोधी उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम ककोरिया थाना बालाबेहट ललितपुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम थानाध्यक्ष अजीत सिंह उ.नि. शिवनाथ सिंह का. महेन्द्र सिंह का. जुगल किशोर आदि शामिल रहे।

# एसपी ने की मासिक अपराध की समीक्षा बैठक



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर में सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत की गयी। सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस कर्मियों की पारिवारिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त मासिक अपराध समीक्षा बैठक में समस्त क्षेत्राधिकारी / थाना प्रभारियों / समस्त शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। मासिक अपराध समीक्षा बैठक के दौरान निम्न बिन्दुओं पर गहनता से समीक्षा की गयी।

थाना कार्यालय के सभी अभिलेखों को निर्धारित प्रारूप में अध्यावधिक कराते हुए उनके उचित रखरखाव हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

मौसम परिवर्तन/तापमान में वृद्धि होने को दृष्टिगत रखते हुए अपने-अपने थाना क्षेत्र में आग लगने की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर फायर सर्विस की मदद से कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

बीट पुलिसिंग प्रणाली को मजबूत करने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना/चौकी प्रभारी स्वंय बीट कर्मचारियों को उनके बीट क्षेत्रों में किये गये कार्यो की प्रतिदिन समीक्षा करने तथा बीट बुक चेक करने हेतु निर्देशित किया गया।

## शार्ट न्यूज

### यातायात पुलिस ने बसो की फिटनेस फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र की जांच की

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा गर्मी में वाहनों में बढ़ती आग की घटनाओं के मादेनजर व्यावसायिक वाहनों में अग्नि शामक यंत्रों एवं फिटनेस की जांच की गई जांच के दौरान 2 वाहनों में अग्निशामक यंत्र न पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाहीं की गई। उक्त के अतिरिक्त यातायात पुलिस द्वारा चौराहों पर जागरूकता अभियान चलाया गया और आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया यथा- दो पहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठी सावरी अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, सीट बेल्ट अवश्य बांधे, मोडिफाइड साइलेंसर न लगवाएं, लेन ड्राइविंग का पालन करें प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत 119 वाहनों का एम.वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान किया गया।

### पीलीभीत में बाघ ने किसान को मार डाला

**पीलीभीत।** पीलीभीत में बाघ ने एक किसान को मार डाला। वह खेत पर काम कर रहा था। तभी झाड़ियों में छिपे बाघ ने किसान की गर्दन पर हमला कर दिया। हमले से किसान की गर्दन टूट गई। चीख सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान दौड़े। बाघ किसान को करीब 500 मीटर खींच ले गया। जब तक भीड़ मौके पर पहुंची, किसान की मौत हो चुकी थी। मृतक की गर्दन, पीठ और पेट पर गहरे जख्म मिले। इस घटना से लोग गुस्से में हैं। वन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। लाश पुलिस को उठाने नहीं दे रहे। बेटा अपने पिता के सीने पर सिर रखकर रोता रहा। पत्नी ने हाथ पकड़ रखा था। वह बार-बार बेसुध हो जा रही थी। गांव की महिलाओं ने उन्हें संभाला। 4 दिन के भीतर यह दूसरी घटना है। लेकिन, अब तक बाघ पकड़ा नहीं गया। गांव के लोगों का कहना है, पीलीभीत में जंगलराज है। बाघ आए दिन इंसानों को मार रहा है। लेकिन वन विभाग ने कोई व्यवस्था नहीं की है। वहीं, वन अधिकारियों ने रटा-रटाया जवाब दिया कि जल्द बाघ को पकड़ लिया जाएगा।

### इटावा में किराए पर रह रहे मजदूर की मौत

**इटावा।** इटावा जिले भरथना में रविवार शाम भरथना कस्बे के यादव नगर ओवरब्रिज के समीप स्थित बंबा पुलिया में एक मजदूर का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर थाना पुलिस एवं फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और शव को रजवाह से बाहर निकलवाया गया। मृतक की शिनाख्त लकी उर्फ लाखा (उम्र लगभग 40 वर्ष) पुत्र अज्ञात, निवासी ग्राम बुआपुर, थाना इकदिल के रूप में हुई है। वह विगत 15 दिनों से यादव नगर में किराये पर अकेले रह रहा था और सीमेंट मोहर्रम की मजदूरी करता था। मकान मालिक पप्पू के अनुसार मृतक रविवार भोर में घर से निकला था और तभी से लापता था। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था और संभवत: नशे की हालत में बंबा में गिर गया, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। शव पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच पड़ताल जारी है। घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई थी, जिससे कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ।

### नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** श्रावस्ती के मल्हीपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पकड़े गये आरोपी की पहचान रसूलपुर गांव निवासी शरीफ के रूप में हुई है। दरअसल घटना बीते 14 मई 2025 की है। पीड़िता के पिता रियाज अहमद ने मल्हीपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया था कि उनकी बेटी खेत में बकरी चराने गयी थी। इसी दौरान आरोपी शरीफ ने उसके साथ छेड़खानी की। आरोपी ने लड़की का हाथ पकड़कर उसे नल के पास से अंदर ले जाने की कोशिश की और पैसों का लालच देकर अश्लील बातें कीं। पुलिस ने मामले में पॉक्सो एक्ट की धारा 9एम/10 और धारा-75(1)बीएनएस के तहत केस दर्ज किया। वहीं एसपी घनश्याम चौरसिया के निर्देश पर थानाध्यक्ष मल्हीपुर आशीष कुमार की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को राप्ती नदी पुल से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### 280 मरीजों की हुई सेहत की जांच

**प्रयागराज।** सनातन एकता मिशन स्वास्थ्य प्रकल्प के तहत मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ एवं सनातन हेल्थ केयर एंड रिसर्च सेंटर, हाशिमपुर रोड प्रयागराज की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 280 से अधिक मरीजों के बीएमडी, शुगर, बीपी, आक्सीजन लेवल सहित अन्य की जांच और निःशुल्क परामर्श दिया गया। इस शिविर मे मेदांता हॉस्पिटल के आर्थोपेडिक डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉ. धर्मेंद्र सिंह, आयुर्वेद के विशेषज्ञ डॉ. टीएन पांडेय, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. अमृता सिंह एवं जनरल फिजिशियन डॉ. प्रकाश अग्रवाल के साथ सनातन हेल्थ केयर की टीम का सहयोग रहा। शिविर में शैलेंद्र अवस्थी, देवराज पाठक, सनातन एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार पाठक, अधिवक्ता दिलीप द्विवेदी, विपुलेश कुमार त्रिपाठी, विवेकानंद, शशिकांत द्विवेदी एवं नीरज दीक्षित आदि रहे।

### मुलायम की याद में बन रहे उपवन के पोस्टर फाड़े

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में सपा नेता रामगोपाल यादव के बयान पर विवाद के बीच एक और मामला सामने आया है। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की याद में बन रहे उपवन में यात्री शेड पर लगे पोस्टर अज्ञात शरारती तत्वों ने फाड़ दिए। इस घटना की सूचना मिलते ही सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान मौके पर पहुंचे और कहा कि नफरती तत्व मुलायम सिंह यादव की याद में बन रहे उपवन को नहीं बनने देना चाहते हैं। सपा विधायक ने कहा कि हम उपवन के लिए अपनी जान कुर्बान कर देंगे। प्रोफेसर रामगोपाल यादव, धर्मेंद्र यादव और अक्षय प्रताप सिंह यादव सहित कई सपा नेताओं ने 15 मई को इस उपवन का भूमि पूजन किया था। बिलारी विधानसभा में मुलायम सिंह यादव की याद में उपवन बनाया जा रहा है। जिसके लिए एक हिंदू सपा कार्यकर्ता ने भूमि दान में दी है। 15 फरवरी को इसी जगह से प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने विंग कमांडर व्योमिका सिंह के बारे में विवादित टिप्पणी की थी। जिसे लेकर विहिप ने प्रोफेसर के खिलाफ मुकदमे के लिए थाने में तहरीर भी दी है।

### दहेज के लिए पत्नी को पीटकर घर से निकाला

**सुलतानपुर।** सुल्तानपुर के कुड़वार थाना क्षेत्र में एक पति पर पत्नी और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। सोहगौली गांव की रहने वाली आंचल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। आंचल की शादी हरिओम से 5 साल पहले हुई थी। पीड़िता का कहना है कि उसका पति किसी अन्य महिला से संबंध रखता है। इस वजह से वह रोजाना उसके साथ मारपीट करता है। हरिओम ने दहेज में मिले सारे पैसे और जेवरात अपने पास रख लिए हैं। अब वह एक लाख रुपये की अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहा है। दंपति के दो बच्चे हैं। 4 साल की जानकी और 2 साल का रुद्र। हरिओम न तो बच्चों के लिए और न ही पत्नी के लिए घरेलू सामान की व्यवस्था करता है। 17 मई 2025 को सुबह 8:30 बजे हरिओम ने अपने दो साथियों गुलसरन और राजकुमार के साथ मिलकर लात-घूंसों और डंडों से आंचल की पिटाई की। हरिओम ने आंचल को घर से बाहर निकाल दिया। उसने कहा कि पैसे लाने के बाद ही घर में प्रवेश कर सकती है। उसने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने पुलिस से सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की है। एसओ अनिल मिश्रा के अनुसार तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**ललितपुर।** तालबेहट पुलिस ने झपटमारी का 25 हजार का इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक, ललितपुर एंव क्षेत्राधिकारी, तालबेहट के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 52/2025 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस में प्रकाश में आये 25000/- के वांछित इनामिया अभियुक्त बलवीर यादव पुत्र कल्यान यादव नि0 ग्राम झरर घाट थाना तालबेहट जनपद ललितपुर को नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया तथा झपटमारी की घटना से संबंधित बरामद माल को कब्जे पुलिस लेकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गयी है। अभियुक्त बलवीर यादव उपरोक्त के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुये, न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय भेजा रहा है। वादी मुकदमा द्वारा थाना तालबेहट पर प्रार्थना -पत्र देकर अवगत कराया गया था कि एक मो0सा0 पर सवार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी की पत्नी से एक पर्स व मंगलसूत्र छीनकर भाग जाने के सम्बंध में दिया गया था। सूचना के आधार पर थाना तालबेहट मे सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा सदिग्ध व्यक्तियों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु ?25000/- का इनाम घोषित किया गया था तथा क्षेत्राधिकारी तालबेहट के नेतृत्व में 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया था, जिसमें थाना तालबेहट पुलिस, सर्विलांस, स्वाट टीम व जनपद के अन्य पुलिस बल को लगाया गया था।

# भाई की शादी से एक दिन पहले बदमाश का एनकाउंटर

## कौशांबी पुलिस ने 3 गोलियां मारीं, 4 करोड़ का कॉपर लूटकर फरार था

**कौशांबी।** कौशांबी में ट्रेलर ड्राइवर की हत्या कर 4 करोड़ का कॉपर लूटने वाले संतोष उर्फ राजू को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि 5 लोग कॉपर बेचने की तैयारी में हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर कार सवार संतोष समेत 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

मुख्य आरोपी संतोष ने पूछताछ में जुर्म कबूल किया। बताया कि उसने पिस्तौल झाड़ियों में फेंक दी है। पुलिस संतोष को पिस्तौल बरामदगी के लिए झाड़ियों की ओर लेकर गई। वहां उसने छिपी पिस्टल निकालकर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने संतोष को 3 गोलियां मारीं। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर



दिया। मुठभेड़ के दौरान एसएचओ कोखराज चंद्र भूषण मौर्य और दरोगा मनीष बाल-बाल बच गए। बदमाश की गोली उनके बुलेटप्रूफ जैकेट में जाकर फंस गई।

संतोष के पांच साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया। 25 साल का संतोष राजभर जौनपुर के खेतासराय का रहने वाला था। मुठभेड़ कोखराज थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात 2 बजे हुई। संतोष की भाई की 19 मई को शादी है। आज भक्तवान (रस्म) है।

### हाईवे पर ट्रेलर रुकवाकर ड्राइवर को मारी थी गोली

शुक्रवार रात को प्रयागराज-कौशांबी हाईवे पर संतोष ने अपने 2 साथियों के साथ मिलकर एक ट्रेलर रुकवाया। उसने ड्राइवर से बातचीत की और फिर उसे गोली मार दी। वारदात के बाद शव को फेंककर ट्रेलर लेकर फरार हो गए। ट्रेलर में 4 करोड़ रुपए के कॉपर तार लदे थे। ट्रेलर ड्राइवर गुजरात से कॉपर वायर लेकर प्रयागराज जा रहा था। जब वह समय पर प्रयागराज नहीं पहुंचा, तो उसकी तलाश शुरू की गई। इसी बीच, शुक्रवार को कोखराज थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे के किनारे एक शव मिला। पुलिस ने उसकी पहचान अजमेर के रहने वाले साबरमल मीणा (40) के रूप में की।

### कॉपर को बेचने की तैयारी में थे, पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। जगह-जगह दबिश दी गई, लोकेशन ट्रेस की गई, लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला। रात करीब 1 बजे पुलिस को एक मुखबिर से सूचना मिली कि पांच लोग एक अर्टिगा कार में लूटे गए माल की डील करने वाले हैं। कोखराज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पांचों को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी संतोष से सख्ती से पूछताछ की गई। उसने ट्रेलर ड्राइवर की हत्या करने का जुर्म कबूल कर लिया।

# नाबालिग बेटी ने प्रेमी संग मिलकर मां का गला काटा

## शव के कपड़े उतारे; लखनऊ में शाहिद से शादी करना चाहती थी

**लखनऊ।** लखनऊ में 15 साल की बेटी ने नाबालिग प्रेमी के साथ मिलकर मां का गला काट दिया। उसने वारदात को रेप और हत्या दिखाने के लिए मां की लाश को न्यूड कर दिया। वह बॉयफ्रेंड के साथ शादी करना चाहती थी। लेकिन लड़का गैर धर्म का होने की वजह से मां इस शादी के लिए राजी नहीं थी।

दोनों ने पहले महिला का गला कपड़े से कस दिया। उसके बाद शीशे के टुकड़े से रेतकर गला काट दिया। बेटी ने वारदात के बाद प्रेमी को घर से भगा दिया। फिर रोते हुई छत से चिल्लाने लगी। पड़ोसियों को बताया



मृतका उषा सिंह

कि बदमाशों ने उसकी मां की हत्या कर दी है। उसने अपने मामा को भी फोन पर यही बात कही। इसके बाद मौके पर रिश्तेदार, पड़ोसी और पुलिस पहुंची। घटनास्थल की जांच करने पर पुलिस को बेटी पर शक हुआ। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के सवालों से वह टूट गई और हत्या करने की बात कबूल कर ली। घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात चिनहट इलाके की है।

### प्रेमी को घर में बुलाकर की वारदात

सेमरा गांव में 1000 स्क्वायर फीट के घर में मां उषा सिंह (40) अपनी बेटी के साथ रहती थी। उनके कोई बेटा नहीं था। उषा के पति योगेंद्र सिंह की 12 साल पहले मौत हो गई थी। उषा ऑडिट भवन में हाउस कीपिंग का काम करती थी। बेटी का अपने घर से करीब 400 मीटर दूर चिनहट के आदर्श नगर मोहल्ले में रहने वाले 17 साल के गैर धर्म के लड़के से अफेयर चल रहा था। इसी वजह से उषा बेटी को डांटती थीं। कई बार उसकी पिटाई भी की थी। लेकिन, बेटी किसी भी सूरत में मां की बात मानने को तैयार नहीं थी। वह हर हाल में उसी लड़के से शादी करने पर अड़ी थी।

जब बात ज्यादा बढ़ गई, तब बेटी ने शनिवार-रविवार की आधी रात अपने प्रेमी को घर बुलाया। मां उषा सिंह दूसरे कमरे में सो रही थी। पहले बेटी ने प्रेमी के साथ मिलकर मां का गला कस दिया। फिर उनका गला काट दिया।

# जालौन में पत्नी ने प्रेमी के लिए पति को मारा

**जालौन।** जालौन एक पत्नी ने प्रेमी के लिए अपने पति की हत्या कर दी। पहले पति का गला घोटा, उसके बाद उसको छत से फेंक दिया। पहले मामला हादसा बताया। लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट गला दबाने की बात सामने आई। जिसके बाद ससुर की तहरीर पर पत्नी को गिरफ्तार किया गया।

पत्नी ने अपना जुर्म कबूल लिया है। उसने बताया- मेरी शादी को 2 साल हुए थे। आए दिन वह शराब पीकर झगड़ा करता था। मेरे एक साल पहले पड़ोस के गांव के युवक से प्रेम संबंध हो गए। वह मेरे गांव में आता-जाता रहता था। घटना एट एट कोतवाली क्षेत्र के गांव गिरथान की है।

गांव गिरथान के रहने वाले मंगल सिंह अपने परिवार के साथ रहते है। उनके साथ उनका बेटा मोंटी उर्फ अजय पाल और पत्नी शिवानी भी रहती है। दोनों की 2 साल पहले शादी हुई थी। मोंटी शराब पीता है, इसलिए दोनों में झगड़ा होता रहता था। 13 मई की रात की सुबह मोंटी उर्फ अजय पाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उसका शव घर के पीछे बने बाड़े में पड़ा मिला था।

# जालौन में 10 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**जालौन।** जालौन में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना डकोर पुलिस ने एक ऐसे वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है, जिस पर 10,000 का इनाम घोषित था।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान प्रदीप सोनी पुत्र अमर सिंह, निवासी पठानपुरा नई बस्ती, थाना राठ, जनपद हमीरपुर के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध थाना डकोर में मु.अ.सं. 154/24, धारा 331(4)/305/317(2)/317(4) बीएनएस के तहत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी।

डकोर पुलिस को 18 मई को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित इनामी अपराधी जैसारी खुर्द मोड़ के पास देखा गया है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी डकोर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर घेराबंदी कर अभियुक्त को धर दबोचा। पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक मोटरसाइकिल, दो सफेद धातु के टुकड़े, 1200 रूपए नगद बरामद किए है।

# पुलिस लाइन में चिल्ड्रेन पार्क का एसपी ने किया उद्घाटन





**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स,ललितपुर परिसर में पुलिस अधि0/कर्मचारीगण के बच्चों के खेलने के लिए नवनिर्मित चिल्ड्रेन पार्क का बच्चो से फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

यह पार्क बच्चो के स्वास्थ्य, मनोरंजन एवं शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक झूलों, ओपन जिम, हरित वातावरण एवं खेलकूद की अन्य सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। यह पार्क न केवल बच्चो के लिये मनोरंजन का केन्द्र होगा, बल्कि पुलिस परिवार के लिये एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करायेगा।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पुलिस अधि0/कर्मचारीगण से इस पहल को सफल बनाने की अपील की गयी। रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में बच्चों के लिए चिल्ड्रेन पार्क के बन जाने से उनके खेलने और घूमने के लिये काफी सुविधाजनक रहेगा। अब इस पार्क में बच्चे खेलने-कूदने के अलावा विभिन्न प्रकार के झूलों, ओपन जिम के उपकरणों आदि का भी आनंद उठा सकेंगे।

नवनिर्मित चिल्ड्रेन पार्क के उद्घाटन होते ही पुलिस परिवार के सभी बच्चे खुशी से झूम उठे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा क्षेत्राधिकारी, सदर के जीर्णोद्धार कार्यालय, ललितपुर की शिलापट्टिका का अनावरण कर व फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य पुलिस अधि0/ कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# लखनऊ में गोमती नदी में नहाते समय तीन दोस्त डूबे

## मस्ती-मस्ती में गहरे पानी में गए, बचाने नदी में कूदे लोग; तीनों के शव मिले

लखनऊ। लखनऊ के ठाकुरगंज इलाके में रविवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया।

गोमती नदी में नहाते समय तीन दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। उनकी पहचान 18 वर्षीय एजाज, 24 वर्षयी शमी और 18 वर्षीय हमजा के रूप में हुई है। तीनों बालागंज के रहने वाले थे। रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे स्थानीय युवक ने पुलिस को तीनों युवकों के नदी में डूबने की सूचना दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नदी में उनकी तलाश शुरू की। करीब एक घंटे बाद पुलिस ने दो युवकों का शव बरामद किए। उसके करीब आधे घंटे बाद तीसरे युवक का भी शव बरामद कर लिया। तीनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तीनों युवक नदी में नहा रहे थे।

इस दौरान खेलते-खेलते गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। तीनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। लोगों ने उन्हें गहरे पानी में जाते देखकर पुलिस को सूचना दी। ठाकुरगंज थाना प्रभारी श्रीकांत राय ने बताया- तीन युवकों के डूबने की सूचना मिली।

गोताखोरों की मदद से उनके शव बरामद कर लिए गए। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## देवरिया में गोवंश तस्करी का भंडाफोड़

**देवरिया।** देवरिया के बरियारपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने रविवार रात एक बड़ी कार्रवाई की। गश्त के दौरान पुलिस ने एक ट्रक को रोका। तलाशी में ट्रक से 27 गोवंश बरामद हुए। पुलिस ने मौके से तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से दो अवैध चाकू भी जब्त किए गए। क्षेत्राधिकारी सलेमपुर दीपक शुक्ला ने बताया कि टीम की सतर्कता से यह कार्रवाई सफल रही। प्राथमिक जांच में पता चला कि आरोपी गोवंश की अवैध तस्करी में शामिल थे। पुलिस ने तस्करों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर जनता का विश्वास बढ़ा है।

# टॉयलेट के रास्ते जेल से फरार हुए 10 कैदी

## पीछे लिख गए ये खास संदेश

**न्यू ऑरलियन्स, एजेंसी।** अमेरिका में न्यू ऑरलियन्स की जेल से शुक्रवार रात 10 कैदियों ने सनसनीखेज तरीके से भाग निकलने में कामयाबी हासिल की। उन्होंने एक सेल के टॉयलेट के पीछे बने छेद से बाहर निकलकर दीवार फांद ली, जबकि उस समय वहां तैनात एकमात्र गार्ड खाना लेने गया था। स्थानीय शेरिफ का कहना है कि इसमें जेल के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत हो सकती है। कुल मिलाकर 8 कैदी, जिनमें हत्या के आरोपी भी शामिल हैं, अभी भी फरार हैं। बता दें कि इस जेल में कुल 1400 कैदी बंद हैं।

**3 कर्मचारी जांच पूरी होने तक निलंबित :** शेरिफ ऑफिस ने मीडिया के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सर्विलांस फुटेज शेयर की, जिसमें कैदी जेल से भागते दिख रहे हैं। कुछ कैदियों ने जेल के नारंगी रंग के कपड़े पहने हुए थे, तो कुछ सफेद कपड़ों में थे। उन्होंने कांटेदार तारों से बचने के लिए कंबल का इस्तेमाल कर बाड़ फांदी। इनमें से कुछ को पास की सड़क पर दौड़ते देखा गया। टॉयलटे के पीछे जिस छेद से कैदी भागे थे उसके ऊपर टू इजी लोल लिखा हुआ था और एक तीर छेद की ओर इशारा कर रहा था। 3 कर्मचारियों को जांच पूरी होने तक निलंबित किया गया है।

**कैदियों के भागने का पता कैसे चला?:** कैदियों के भागने का पता सुबह 8 : 30 बजे नियमित गिनती के दौरान चला, जो उनके भागने के 7 घंटे बाद हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि जिस सेल पॉड में कैदी थे, वहां कोई डिप्टी मौजूद नहीं था। एक सिविलियन टेक्नीशियन थी, जो पॉड की निगरानी कर रही थी, लेकिन वह खाना लेने गई थी। शेरिफ सुसान हटसन ने बताया कि कैदियों ने खराब हो चुके तालों का फायदा उठाया। उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से जेल की खराब स्थिति और तालों की मरम्मत के लिए फंड की मांग कर रही थीं। हटसन ने यह भी कहा कि बिना अंदरूनी मदद के इस जेल से भागना लगभग असंभव है।




**भागने के कुछ समय बाद पकड़े गए 2 कैदी :** कैदियों ने रात 1 बजे जेल से बाहर निकलते ही अपनी जेल यूनिफॉर्म उतार दी। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि कुछ कैदियों ने इतनी जल्दी साधारण कपड़े कैसे हासिल किए। भागने के कुछ समय बाद ही 20 साल के केंडल माइल्स को फ्रेंच क्वार्टर में थोड़ी भागदौड़ के बाद पकड़ लिया गया। माइल्स पहले 2 बार जुवेनाइल डिटेंशन सेंटर से भाग चुका है। शुक्रवार शाम तक एक अन्य कैदी, रॉबर्ट मूडी को क्राइमस्टॉपर्स की सूचना के आधार पर न्यू ऑरलियन्स में पकड़ा गया।

**फरार कैदियों में कौन-कौन हैं शामिल? :** फरार कैदियों की उम्र 19 से 42 साल के बीच है, जिनमें ज्यादातर 20 के दशक में हैं। एक कैदी, डेरिक ग्रोव्स को पिछले साल 2018 के मार्डी ग्रास डे की गोलीबारी में 2 लोगों की हत्या और 2 अन्य की हत्या के प्रयास के लिए दोषी ठहराया गया था। उस पर एक जेल कर्मचारी पर हमले का भी आरोप है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि वह अपनी हत्या के मुकदमे के गवाहों तक पहुंचने की कोशिश कर सकता है। एक अन्य कैदी, कोरी बॉयड, पर दूसरी डिग्री की हत्या का आरोप है, जिसके लिए उसने दोषी नहीं होने की बात कही है।

**लोगों की जिंदगियां खतरे में डाल दी :** शेरिफ हटसन ने कहा कि पुलिस स्थानीय, राज्य और फेडरल कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर फरार कैदियों की तलाश कर रही है। ऑरलियन्स पैरिश डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी जेसन विलियम्स ने इसे शेरिफ और जेल प्रशासक की सबसे बुनियादी जिम्मेदारी में पूरी तरह विफलता बताया। उन्होंने शेरिफ ऑफिस की आलोचना की कि उन्होंने कई घंटों तक अधिकारियों और जनता को भागने की सूचना नहीं दी। विलियम्स ने कहा, इन नाकामियों ने लोगों की जिंदगियां खतरे में डाल दी हैं। उन्होंने बताया कि कुछ भागे हुए कैदियों ने गवाहों को धमकाने की कोशिश की थी।

**पड़ोसी राज्यों को किया गया सतर्क :** लुइसियाना की अटॉर्नी जनरल लिज मुरिल ने कहा कि कैदियों को देश के किसी भी हिस्से में पहुंचने का समय मिल गया है। उन्होंने पड़ोसी राज्यों को सतर्क किया। न्यू ऑरलियन्स पुलिस डिपार्टमेंट की सुपरिटेंडेंट ऐनी कर्कपैट्रिक ने कहा कि उनकी एजेंसी ने एफबीआई और यू.एस. मार्शल्स के साथ मिलकर पूरी ताकत से जवाबी कार्रवाई शुरू की है। उन्होंने कहा कि वे उन लोगों की पहचान और सुरक्षा पर ध्यान दे रहे हैं, जो इन कैदियों के मुकदमों में गवाह हो सकते हैं या खतरे में हैं। एक परिवार को उनके घर से हटाया गया है।

**बुरी हालत में है न्यू ऑरलियन्स की जेल :** न्यू ऑरलियन्स की जेल पिछले एक दशक से फेडरल निगरानी के तहत है, जिसका मकसद हालात सुधारना था। 2015 में पुरानी ऑरलियन्स पैरिश प्रिजन, जहां भागने की कई घटनाएं और हिरासत में मौतें हुई थीं, को बदलकर ऑरलियन्स जस्टिस सेंटर बनाया गया। लेकिन सुरक्षा समस्याएं और हिंसा बनी रही। 2013 में एक फेडरल जज ने जेल को असंवैधानिक बताया था। शेरिफ सुसान हटसन ने कहा कि जेल में कर्मचारी कम पड़ रहे हैं और यह केवल 60 प्रतिशत स्टाफ के साथ चल रही है।

**जेल में कई हाई सिक्योरिटी कैदी हैं :** ऑरलियन्स पैरिश शेरिफ कार्यालय की मुख्य वित्तीय अधिकारी बियांका ब्राउन ने कहा कि उनके पास टूटे दरवाजों, तालों की मरम्मत और अन्य खराब बुनियादी ढांचे के लिए रखरखाव और सर्विस कॉन्ट्रैक्ट का खर्च उठाने के लिए पैसे नहीं हैं। शेरिफ कार्यालय के सुधार प्रमुख जे मैलेट ने कहा कि जेल में कई हाई सिक्योरिटी कैदी हैं, जिनके लिए जरूरी प्रतिबंधित हाउसिंग उपलब्ध नहीं है। शेरिफ कार्यालय दर्जनों कैदियों को अधिक सुरक्षित जगहों पर ट्रांसफर करने की प्रक्रिया में था।

## संक्षिप्त समाचार

### फुटबॉल मैच के दौरान बेकाबू कार भीड़ में घुसी, 13 घायल

**बार्सिलोना, एजेंसी।** स्पेन के बार्सिलोना शहर में एक फुटबॉल मैच के दौरान एक कार अचानक बेकाबू होकर स्टेडियम के बाहर खड़ी भीड़ में घुस गई। इस हादसे में 13 लोग घायल हो गए। कातालोनिया पुलिस ने इसे एक दुर्घटना करार दिया। यह घटना बार्सिलोना और उनके प्रतिद्वंद्वी एस्पेनयोल के बीच खेले गए मुकाबले के शुरुआती मिनटों में हुई।

### अहमदी समुदाय के डॉक्टर की पाकिस्तान में उन्मादी तत्वों ने की हत्या

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अहमदी अल्पसंख्यक समुदाय के एक वरिष्ठ गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. शेख महमूद (58) को उनके धर्म के कारण गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना लाहौर से 200 किमी दूर सरगोधा के एक निजी अस्पताल में हुई। पुलिस के अनुसार, एक युवक ने डॉ. महमूद के क्लिनिक में घुसकर उन पर गोलियां चला दीं।

### ब्रिटेन के पुराने सैन्य अड्डे पर आग लगने से दो अग्निशमन कर्मियों समेत तीन की मौत,

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में बंद हो चुके सैन्य अड्डे पर आग लगने की घटना में दो अग्निशमन कर्मी और एक नागरिक की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल दो दमकलकर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस अड्डे का उपयोग अब विमानन और मोटर स्पोर्ट्स के इतिहास को याद करने के लिए किया जाता है। हादसा ऑक्सफोर्ड के पास बिसेस्टर में पूर्व रॉयल एयर फोर्स बेस के एक बड़े गोदाम में हुआ। मीलों तक धुएं का विशाल गुबार देखा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक धमाकों की आवाजें भी सुनी गई। ऑक्सफ़ोर्डशायर के मुख्य अग्निशमन अधिकारी रॉब मैकडॉगल बयान देते समय भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि दमकलकर्मियों की बहादुरी पर उन्हें बेहद गर्व है। बिसेस्टर मोशन में लगी आग के बाद इलाके के निवासियों को घर के अंदर रहने की चेतावनी भी दी गई। प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने हादसे को विनाशकारी बताया। उन्होंने अग्निशमन कर्मियों की अद्भुत बहादुरी की सराहना कर कहा, उम्मीद है कि अस्पताल में भर्ती लोग पूरी तरह और शीघ्र स्वस्थ हो जाएंगे।

### इंडोनेशिया के पापुआ में हिंसक संघर्ष; 2 पुलिसकर्मियों समेत 20 की मौत

**जयापुरा, एजेंसी।** इंडोनेशिया के अशांत पापुआ क्षेत्र में सुरक्षा बलों और विद्रोही लड़ाकों के बीच हुए संघर्ष में कम से कम 18 विद्रोहियों और 2 पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई है। अधिकारियों और विद्रोही खेमे ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी है। सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इवान द्वी प्रिहार्तोनो ने बताया कि बुधवार को संघर्ष तब शुरू हुआ, जब सैन्य श्रेणी के हथियारों और तीरों से लैस दर्जनों विद्रोहियों ने हिंसा प्रभावित इंतान जया के गांवों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं देने की तैयारी कर रहे सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया। प्रिहार्तोनो ने एक वीडियो संदेश में कहा, स्थिति तब बदल गई, जब एक सशस्त्र समूह ने दर्जनों सैनिकों पर घात लगाकर हमला कर दिया। उस समय हमने नपी-तुली और सटीक जवाबी कार्रवाई की। प्रिहार्तोनो ने बताया कि संघर्ष के बाद सुरक्षा बलों ने एक सैन्य राइफल, एक देसी राइफल, कई तीर, गोला-बारूद और एक 'मॉर्निंग स्टार' झंडा (अलगाववाद का प्रतीक) जब्त किया। उन्होंने दावा किया कि संघर्ष में कोई सुरक्षा कर्मी हताहत नहीं हुआ। 'फ्री पापुआ मूवमेंट' की सशस्त्र शाखा 'वेस्ट पापुआ लिबरेशन आर्मी' के प्रवक्ता सेबी सैम्बोम ने कहा कि उसके केवल तीन लड़ाके मारे गए हैं। उन्होंने दावा किया कि बाकी मृतक 'निर्दोष नागरिक' थे, जो सुरक्षा बलों की गोलीबारी में मारे गए। सैम्बोम ने कहा कि विद्रोहियों ने समूह के एक प्रमुख सदस्य बुमिवालो एनुम्बी की मौत का बदला लेने के लिए शुक्रवार को पड़ोसी क्षेत्र पुनकक जया में 2 पुलिस अधिकारियों की हत्या कर दी।

### बचाव पक्ष की शिकायत के बाद जज ने ज्यूरी को किया बर्खास्त,

**ओटावा, एजेंसी।** पांच हॉकी खिलाड़ियों द्वारा एक महिला का यौन शोषण किए जाने के मामले की सुनवाई कर रहीं जज ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई से जुड़ी ज्यूरी को बर्खास्त कर दिया। जज को बचाव पक्ष के वकीलों के व्यवहार को लेकर शिकायत मिली थी, जिसके बाद जज ने ज्यूरी को बर्खास्त कर खुद इस मामले की सुनवाई करने का फैसला किया है। ओंटारियो सुपीरियर कोर्ट की जस्टिस मारिया कोरोसिया को शिकायत मिली थी कि बचाव पक्ष के वकील ज्यूरी को देखकर हंसे। हालांकि वकीलों ने आरोपों से इनकार किया है। जज ने भी माना कि उन्होंने वकीलों का कोई आपत्तिजनक व्यवहार नहीं देखा, जिससे उन्हें चिंता हो, लेकिन जज का मानना है कि ज्यूरी के मन में बचाव पक्ष के वकीलों को लेकर जो नकारात्मकता है, वह मामले की निष्पक्षता को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में जज ने ज्यूरी को बर्खास्त कर खुद सुनवाई का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि कनाडा की जूनियर हॉकी टीम के सदस्य रहे माइकल मैकलोड, डिलन ड्यूब, कार्टर हार्ट, काल फूटे और एलेक्स फॉरमेंटन पर बीते साल एक 20 वर्षीय युवती का यौन शोषण करने का आरोप लगा था। ये खिलाड़ी एक वर्ल्ड जूनियर टूर्नामेंट के लिए ओंटारियो में थे।

## ब्रिटेन में मिर्जापुर के राज मिश्रा बने वेलिंगबोरो शहर के मेयर

**लंदन, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के एक किसान के बेटे को ब्रिटेन के वेलिंगबोरो शहर का नया मेयर चुना गया है। वेलिंगबोरो ब्रिटेन के ईस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में स्थित है। उन्हें इस महीने की शुरुआत में स्थानीय नगर पार्षद चुना गया था। राज मिश्रा (37) छह मई को हुए स्थानीय चुनाव में शहर के विक्टोरिया वार्ड से निर्वाचित हुए थे और मंगलवार को नगर परिषद की वार्षिक बैठक में वेलिंगबोरो के पांचवें मेयर चुने गए।

राज के मेयर चुने जाने की खबर से मिर्जापुर में उनके मित्रों और परिवार के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। मिश्रा ने एक बयान में कहा, वेलिंगबोरो के मेयर के रूप में सेवा करना सम्मान की बात है। मैं एक जीवंत, समावेशी और समृद्ध समुदाय के लिए सभी निवासियों के साथ मिलकर काम करने की खातिर प्रतिबद्ध हूं। हम सब मिलकर अपने शहर के लिए एक उज्जवल भविष्य का निर्माण करेंगे।

राज मिश्रा उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के भटेवरा गांव के रहने वाले हैं। उनके पिता मुन्ना लाल मिश्रा किसान हैं राज 9 भाइयों और बहनों में छठे नंबर पर हैं। राजकुमार की शादी प्रतापगढ़ की रहने वाली अभिषेकता मिश्रा से हुई है, उनकी पत्नी इंजीनियर है, उनके 2 बच्चे हैं।

राज मिश्रा 6 साल पहले एमटेक की पढ़ाई करने लंदन गए थे। वहां उन्होंने ना केवल पढ़ाई पूरी की बल्कि राजनीति में भी अपनी पहचान बनाई।

## इजरायल ने यमन में हूतियों को बनाया निशाना, 2 बंदरगाहों पर किया घातक हमला

**दीर अल-बलाह, एजेंसी।** इजरायल की सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने यमन में 2 बंदरगाहों पर हमला किया है। सेना ने कहा कि ये बंदरगाह हूती आतंकवादी समूह के नियंत्रण में थे। इजरायली सेना ने दावा किया कि होदेदा और सालिफ बंदरगाहों का उपयोग हूती द्वारा हथियार ले जाने के लिए किया जाता था। इजरायली हमलों में किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है। इससे पहले शुक्रवार को इजरायल द्वारा गाजा पर किए गए हमलों में 108 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शुक्रवार के हवाई हमलों में 27 महिलाएं और 31 बच्चे मारे गए तथा सैकड़ों अन्य घायल हुए हैं।

**कई घंटों तक होते रहे हमले :** इजरायल ने शुक्रवार को कहा कि वह गाजा में आतंकवादियों के खिलाफ अपना अभियान जारी रखे हुए है और पिछले दिन उसने 150



ठिकानों पर हमले किए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि हमले शुक्रवार सुबह कई घंटों तक होते रहे और लोगों को जबालिया शरणार्थी शिविर एवं बेत लाहिया शहर से भागना पड़ा। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से जारी हमलों में 130 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

**मिशन पूरा करेगा इजरायल :** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पहले ही कह चुके हैं कि हमास को खत्म करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए वो गाजा में हमलों को और तेज करेंगे। नेतन्याहू ने हाल ही में कहा था कि उनकी सेनाएं कुछ ही दिनों में पूरे बल के साथ गाजा में प्रवेश करेंगी और ''मिशन पूरा करेंगी, जिसका मतलब है हमास का विनाश। यह स्पष्ट नहीं है कि शुक्रवार के हमले इस अभियान की शुरुआत हैं या नहीं।

**सेना ने तेज किया अभियान :** इजरायली सरकार के प्रवक्ता डेविड मेन्सर ने शुक्रवार को 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि इजरायली सेना अपने अभियान तेज कर रही है। उन्होंने कहा कि इजरायल ने अभियान को तब से तेजी दी है जब से हमास ने बंधकों को रिहा करना बंद कर दिया है। उन्होंने कहा, ''हमारा उद्देश्य उन्हें (बंधकों को) वापस घर लाना और हमास को सत्ता से हटाना है। उन्होंने कहा कि इजरायल बातचीत के दौरान हमास पर दबाव बनाना जारी रखेगा, नतीजे मिल रहे हैं।

**ऐसे शुरू हुई जंग :** इजराइल और गाजा के बीच यह युद्ध सात अक्टूबर 2023 को शुरू हुआ था, जब हमास के नेतृत्व में आतंकवादियों ने दक्षिणी इजरायल में घुसपैठ कर 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी। इसके जवाब में इजरायल ने व्यापक सैन्य कार्रवाई की, जिसमें गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अब तक 53,000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। इनमें से लगभग 3,000 की मौत 18 मार्च को युद्ध विराम टूटने के बाद हुई है। हमास ने सात अक्टूबर को इजरायल पर हमले के दौरान बंधक बनाए गए लगभग 250 लोगों में से 58 लोगों को अब भी बंधक बना रखा है। इनमें से 23 के अब भी जीवित होने का अनुमान है। हालांकि, इजरायली अधिकारियों ने उनमें से तीन की स्थिति के बारे में संदेह व्यक्त किया है।

## रूस से लेकर अफगानिस्तान तक चलेगी ट्रेन, जानें क्या है ट्रांस-अफगान रेलवे परियोजना जिसका सर्वे 2026 तक होगा पूरा

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस और उज्बेकिस्तान ट्रांस-अफगानिस्तान रेलवे परियोजना के लिए अफगानिस्तान में संभावना तलाश रहे हैं। इसके लिए सर्वेक्षण कर रहे हैं, अगर सबकुछ ठीक रहा, तो भूमि से घिरे मध्य एशियाई देशों को भारतीय उपमहाद्वीप तक पहुंच प्रदान करेगी। रूस के शीर्ष मंत्रियों ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी है। उप प्रधानमंत्री एलेक्सी ओवरचुक ने 16वें अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच 'रूस-इस्लामिक वर्ल्ड : काजान फोरम 2025' में कहा कि ट्रांस-अफगान रेलवे के लिए किया जाने वाला सर्वेक्षण 2026 में पूरा हो जाएगा।



**जुड़ेंगे ये देश :** ट्रांस-अफगान परिवहन कॉरिडोर यूरोपीय संघ (ईयू), रूस, उज्बेकिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया को जोड़ेगा। उज्बेकिस्तान का दक्षिणी शहर टर्मेज तत्कालीन सोवियत संघ द्वारा निर्मित रेल मार्ग के माध्यम से पहले से ही उत्तरी अफगानिस्तान के खैरातन से जुड़ा हुआ है।

**रेलवे विशेषज्ञ कर रहे हैं काम :** समाचार एजेंसी 'इंटरफैक्स' ने ओवरचुक के हवाले से कहा, रूस और उज्बेकिस्तान के रेलवे विशेषज्ञ मिलकर ट्रांस-अफगान रेलवे परियोजना के फिजिबिलिटी सर्वे का मसौदा तैयार कर रहे हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि सर्वे 2026 की शुरुआत में पूरा हो जाएगा, ताकि इसके कार्यान्वयन के सिलसिले में फैसला लिया जा सके।

**बदल जाएगा पूरे क्षेत्र का परिवहन भूगोल :** सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' की खबर में रूस के उप परिवहन मंत्री दमित्री जेवरेव के हवाले से दावा किया गया है कि ट्रांस-अफगान मार्ग पूरे क्षेत्र के भूगोल और परिवहन भूगोल को बदल देगा। जेवरेव ने मुस्लिम-बहुल तातारस्तान की राजधानी काजान में आयोजित 'रूस-इस्लामिक वर्ल्ड : काजान फोरम 2025' में कहा, बहुपक्षीय कार्य समूह का आभार, जिसकी वजह से अफगानिस्तान में सर्वेक्षण किया जा रहा है। उज्बेक रेलवे इसमें अपने रूसी सहयोगियों के साथ मिलकर सर्वेक्षण कर रहा है। 'इंटरफैक्स' की खबर के अनुसार, परियोजना में रूस की भागीदारी के सिलसिले में एक प्रारंभिक समझौता अप्रैल 2024 में उज्बेक राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव की मॉस्को यात्रा के दौरान हुआ था। खबर के मुताबिक, उज्बेकिस्तान के परिवहन मंत्रालय ने पहले कहा था कि ट्रांस-अफगान रेलवे के निर्माण में कम से कम पांच साल लगेंगे और परियोजना की अनुमानित लागत 4.8 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकती है।

## अमेरिका के सेंट लुइस में आए बवंडर और भीषण तूफान के कारण कम से कम चार लोगों की मौत

**सेंट लुइस, एजेंसी।** अमेरिका के सेंट लुइस में बवंडर और भीषण तूफान के कारण कम से कम चार लोगों की मौत हो गई तथा फंसे हुए या घायल लोगों का पता लगाने के लिए तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। शुक्रवार अपराह्न आए तूफान के कारण इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, पेड़ एवं बिजली के तार और खंभे गिर गए। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। सेंट लुइस की मेयर कैरा स्पेंसर ने मीडिया से बातचीत के दौरान कम से कम चार लोगों की मौत होने की पुष्टि की।



स्पेंसर ने कहा, ''यह वाकई विनाशकारी है।'' उन्होंने कहा कि शहर में आपात स्थिति घोषित करने की प्रक्रिया जारी है। 'नेशनल वेदर सर्विस' ने संकेत दिया कि सेंट लुइस क्षेत्र मे मिसौरी के क्लेटन में अपराह्न दो बजकर 30 मिनट से दो बजकर 50 मिनट के बीच एक बवंडर आया।

मौसम वैज्ञानिकों ने पूर्वानुमान जताया है कि शुक्रवार को अप्पालाचिया समेत कई जगह बवंडर, ओलावृष्टि और भीषण तूफान की आशंका है। मौसम विभाग ने शुक्रवार शाम को इलिनोइस के मैरियन के आसपास दुर्लभ बवंडर आपातकाल की चेतावनी दी और कहा कि बवंडर की पुष्टि हो गई है और यह जानलेवा है।

**गंभीर तूफान की चेतावनी :** 'नेशनल वेदर सर्विस' के अनुसार, मिसौरी के क्लेटन क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर 2 : 30 से 2 : 50 बजे के बीच बवंडर देखा गया। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अप्पालाचिया समेत कई क्षेत्रों में बवंडर, ओलावृष्टि और गंभीर तूफान की आशंका बनी हुई है। इसके अलावा, मौसम विभाग ने शुक्रवार शाम को इलिनोइस के मैरियन क्षेत्र में दुर्लभ और जानलेवा बवंडर आपातकाल की चेतावनी जारी करते हुए कहा कि वहां एक खतरनाक बवंडर की पुष्टि हो चुकी है

## युद्ध के दौरान इजराइली सेना को एआई सेवाएं दीं : माइक्रोसॉफ्ट

**वाशिंगटन, एजेंसी।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी 'माइक्रोसॉफ्ट' ने स्वीकार किया कि उसने गाजा में युद्ध के दौरान इजराइली सेना को उन्नत कृत्रिम मेधा (एआई) और 'क्लाउड कंप्यूटिंग' सेवाएं बेचीं जिसने इजराइली बंधकों का पता लगाने एवं उन्हें बचाने के प्रयासों में सहायता की लेकिन कंपनी ने यह भी कहा कि उसे आज तक इस बात का कोई सबूत नहीं मिला है कि उसके 'एज्योर' मंच एवं एआई प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल गाजा में लोगों को निशाना बनाने या उन्हें नुकसान पहुंचाने के लिए किया गया।

'माइक्रोसॉफ्ट' की कॉरपोरेट वेबसाइट पर एक 'ब्लॉग पोस्ट' में यह बात स्वीकार की गई है। इस पोस्ट के नीचे किसी के हस्ताक्षर नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह युद्ध में कंपनी की भागीदारी की पहली सार्वजनिक स्वीकृति है। हमास द्वारा इजराइल में लगभग 1,200 लोगों की हत्या किए जाने के बाद यह युद्ध शुरू हुआ था और इसके कारण इजराइली जवाबी कार्रवाई में गाजा में हजारों लोग मारे गए।

'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) द्वारा करीब तीन महीने पहले की गई जांच में सामने आया था कि अमेरिकी कंपनी 'माइक्रोसॉफ्ट' की इजराइली रक्षा मंत्रालय के साथ घनिष्ठ साझेदारी है और सात अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा किए गए हमले के बाद वाणिज्यिक एआई उत्पादों का सैन्य उपयोग लगभग 200 गुना बढ़ गया था।

एपी ने बताया था कि इजराइली सेना बड़े पैमाने पर निगरानी के माध्यम से एकत्र की गई खुफिया जानकारी को लिखने एवं अनुवाद करने




के लिए 'एज्योर' का उपयोग करती है। यह साझेदारी इजराइल, यूक्रेन और अमेरिका सहित विभिन्न देशों में उपयोग के लिए कृत्रिम मेधा उत्पादों को सेनाओं को बेचने के प्रौद्योगिकी कंपनियों के बढ़ते प्रयासों को दर्शाती है। मानवाधिकार समूहों ने चिंता जताई है कि एआई प्रणालियां त्रुटिपूर्ण हो सकती हैं लेकिन इनका उपयोग यह निर्णय लेने में किया जा रहा है कि किसे या किस चीज को लक्षित किया जाए जिसके परिणामस्वरूप निर्दोष लोगों की मौत हो रही है। 'माइक्रोसॉफ्ट' ने बृहस्पतिवार को कहा कि कर्मचारियों की चिंताओं और कई मीडिया खबरों के कारण कंपनी ने आंतरिक समीक्षा शुरू करने और ''अतिरिक्त तथ्यान्वेषण'' के लिए एक बाहरी कंपनी को नियुक्त किया। बयान में बाहरी कंपनी का नाम नहीं बताया गया और न ही उसकी रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराई गई।

कंपनी के बयान में कहा गया है कि उसने इजराइली सेना को सॉफ्टवेयर, पेशेवर सेवाएं, 'एज्योर क्लाउड स्टोरेज' और अनुवाद सहित 'एज्योर' एआई सेवाएं प्रदान कीं तथा बाहरी खतरों से इजराइली 'साइबरस्पेस' की सुरक्षा करने के लिए उसकी सरकार के साथ मिलकर काम किया। 'माइक्रोसॉफ्ट' ने कहा कि उसने सात अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा बंधक बनाए गए 250 से अधिक लोगों को बचाने में मदद के प्रयास के तहत इजराइल को ''हमारे वाणिज्यिक समझौतों की शर्तों से परे हमारी प्रौद्योगिकियों तक विशेष पहुंच'' और ''सीमित आपातकालीन सहायता'' भी प्रदान की।

कंपनी ने कहा, ''हमारा मानना है कि कंपनी ने अपने सिद्धांतों का सावधानी से और सोच समझकर पालन किया ताकि बंधकों के जीवन को बचाने में मदद मिल सके और साथ ही गाजा में आम नागरिकों की गोपनीयता एवं अन्य अधिकारों का सम्मान भी किया जा सके।

# सनराइजर्स हैदराबाद पर बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी लखनऊ सुपरजायंट्स

**लखनऊ (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सोमवार को लखनऊ सुपरजायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला होगा। इस मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर बड़ी जीत दर्ज कर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी। इस मैच में अगर सुपरजायंट्स हार तो वह लीग से बाहर हो जाएगी। इस लीग में अब तक टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। उसके कप्तान ऋषभ पंत भी अब तक रन नहीं बना पाये हैं जिसके कारण भी टीम को नुकसान हुआ है। ऐसे में ऋषभ इस मैच में बड़ी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाना चाहेंगे। अब तक इस सत्र में निकोलस पूरन ने टीम की ओर से काफी अच्छी बल्लेबाजी की है पर अब अन्य खिलाड़ियों को भी रन बनाने होंगे। उसकी गेंदबाजी शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप पर आधारित रहेगी। सुपर जायंट्स की टीम के नाम अब तक 11 मैचों में 10 अंक है पर उसका नेट रन रेट माइनस 0.469 है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे अपने बचे हुए तीनों मैचों को बड़े अंतर से जीतना होगा।

दूसरी ओर पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच को जीतकर लखनऊ का खेल बिगाड़ना रहेगा। सनराइजर्स की टीम में शामिल युवा नीतीश कुमार रेड्डी और ईशान किशन जैसे खिलाड़ी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर लय हासिल करने का प्रयास करेंगे। अब तक ये दोनो बड़ी पारियां नहीं खेल पाये हैं। आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने अब तक 311 रन बनाये हैं और वह इस मैच में बड़ी पारी खेलने का प्रयास करेंगे। लखनऊ की टीम की सबसे बड़ी परेशानी कप्तान का रन नहीं बनाना है। वह इस सत्र में केवल एक बार ही पचास से अधिक रन बना पाये हैं। रन उन्होंने इस सत्र के 11 मैचों में 100 से कम की स्ट्राइक-रेट और 12.80 की औसत से केवल 128 रन ही बनाए है। मो शमी, राहुल चाहर सहित उसके गेंदबाज अब तक प्रभावित नहीं कर पाये हैं।

वहीं लखनऊ की टीम को अपने प्रमुख बल्लेबाज निकोलस पूरन से इस मैच में भी बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। पूरन शुरुआती पांच-छह मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी के बाद पिछले कुछ मैचों से रन नहीं बना पाये हैं। पूरन के अलावा टीम को अपने शीर्ष तीन क्रम में शामिल दक्षिण अफ्रीका के एडेन मारक्रम 348 और मिचेल मार्श 378 से भी अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी। वहीं मध्यक्रम में आयुष बडोनी 326 रन के अलावा कोई भी बल्लेबाज प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाया है। आक्रामक बल्लेबज डेविड मिलर अब तक केवल 160 रन ही बना पाये हैं।। गेंदबाजी में रवि बिश्नोई बीच के ओवरों में विकेट लेने में विफल रहे हैं। केवल युवा दिग्वेश राठी ने अब तक 12 लेकर लेकर विरोधी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया है। इस मैच में न्यूजीलैंड के गेंदबाज विलियम ओ राउरकी के टीम में आने से लखनऊ की गेंदबाजी बेहतर होगी।



### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायडे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिच क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिन्दु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

**लखनऊ सुपर जायंट्स :** ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश सिंह राठी, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्जके, हिम्मत सिंह, शमरा जोसेफ, मणिमारन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, अर्शिन कुलकर्णी।

# कोलकाता में ही खेला जाएगा आईपीएल फाइनल : गांगुली



**कोलकाता (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फाइनल की मेजबानी कोलकाता के ईडन गार्डन की जगह किसी अन्य स्थल को दिये जाने की चर्चाओं के बीच ही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है कि ये इतना आसान नहीं है। गांगुली के अनुसर बंगाल बोर्ड (कैब) के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से अच्छे संबंध हैं। इसलिए उन्हें पूरा भरोसा है कि फाइनल कोलकाता से बाहर नहीं जाएगा। शुरुआत में फाइनल कोलकाता में 25 मई को खेला जाना तय था पर बीच में भारत-पाकिस्तान के बची टकराव के कारण आईपीएल एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया था। दौबारा शुरु होने पर बोर्ड ने तीन जून को खेले जाने वाले फाइनल के स्थल की जानकारी नहीं दी। ये कहा जा रहा है कि इस दिन कोलकाता में बारिश की संभावना को देखते हुए फाइनल किसी अन्य स्थल पर खेला जाएगा। कैब के पूर्व अध्यक्ष रहे गांगुली से जब पूछा गया कि क्या कोलकाता तय कार्यक्रम के अनुसार ही फाइनल मैच की मेजबानी करेगा तो उन्होंने कहा, 'हम प्रयास कर रहे हैं। साथ ही कहा कि है? यह ईडन का प्लेऑफ है, और मुझे भरोसा है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा क्योंकि मैच को अचानक ही किसी दूसरे स्थल पर ले जाना आसान नहीं है। इसी बीच प्रशंसकों ने भी मांग की है कि फाइनल कोलकाता में ही खेल जाना चाहिये।

गांगुली ने कहा कि विरोध से कुछ खास फर्क नहीं पड़ता। वहीं प्लेऑफ स्थलों को तय करने में हो रही पर गांगुली ने कहा, 'कोलकाता नाइट राइडर्स ने इस मैदान पर अपने लीग मैच खेले हैं, इसलिए कोलकाता पहली सूची में शामिल नहीं है।' ईडन गार्डन को 2024 सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिताब जीतने के कारण इस सत्र के फाइनल के मेजबानी का अधिकार मिला था। इस स्थल में ही आईपीएल का उद्घाटन मैच भी खेला गया था।

वहीं बीसीसीआई ने हालांकि फाइनल के लिए नए स्थल के बारे में जानकारी नहीं दी है। जिससे भी कई प्रकार की अटकलें चल रही हैं। बदलाव के पीछे का कारण मौसम की भविश्य्यवाणी माना जा रहा है, क्योंकि कोलकाता से ही दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत होती है

# पंजाब ने राजस्थान को हराया, 10 रन से जीता मैच



**जयपुर (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल के 59वां मैच में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स को 10 रन से हरा दिया है। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए खराब शुरूआत (58/3) के बाद वापसी करते हुए नेहल वढेरा और शशांक सिंह की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 5 विकेट के नुकसान पर राजस्थान को 220 रन का लक्ष्य दिया है। वढेरा ने 37 गेंदों पर 5 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 70 रन बनाए। वढेरा के बाद शशांक सिंह ने टीम की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाए। शशांक ने 30 गेंदों पर 5 चौकों और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 59 रन बनाए। राजस्थान की तरफ से तुषार देशपांडे प्रभावी रहे जिन्होंने 20 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए। इसके जवाब में राजस्थान यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल के अर्धशतकों की बदौलत 7 विकेट के नुकसान पर 209 रन ही बना पाई और पंजाब के गेंदबाजों के आगे घुटने टेक दिए।

# प्रशंसकों ने सफेद कपड़ों से किया यादगार इशारा, मांजरेकर ने किया खुलासा



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच आईपीएल मैच के दौरान प्रशंसकों द्वारा की गई दिल को छू लेने वाली श्रद्धांजलि की सराहना की, जहां प्रशंसक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद विराट कोहली को सम्मानित करने के लिए एकत्र हुए थे।

शनिवार शाम को बेंगलुरु का एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम सफेद रंग के समुद्र में तब्दील हो गया, क्योंकि प्रशंसकों ने कोहली के शानदार टेस्ट करियर को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रतिष्ठित नंबर 18 वाली सफेद जर्सी पहनी थी।

हार्दिक इशारा एक विनम्र प्रशंसक अभियान के रूप में शुरू हुआ - एक साधारण सोशल मीडिया पोस्ट जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के समर्थकों से आरसीबी बनाम केकेआर मुकाबले में विराट कोहली की सफेद जर्सी पहनने का आग्रह किया गया, जो हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से उनके संन्यास के सम्मान में था। एक छोटे से विचार के रूप में शुरू हुआ यह विचार जल्द ही एक शक्तिशाली आंदोलन में बदल गया, क्योंकि प्रशंसक एक ऐसे खिलाड़ी की विरासत का जश्न मनाने के लिए एकजुट हुए, जिसने लाल गेंद के खेल को अपना सब कुछ दे दिया।

मांजरेकर ने जियोहॉटस्टार पर कहा, 'विराट कोहली के लिए प्रशंसकों का जो प्यार है, वह कुछ खास है। यह एक आईपीएल नाइट मैच था, और प्रशंसक भारतीय क्रिकेट इतिहास के एक पल को याद करने के लिए सफेद कपड़े पहने हुए आए थे। यह एक सुंदर इशारा है। पांच साल तक, उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को देखने लायक और अधिक लोकप्रिय बनाया। हम अक्सर कहते हैं कि कोई भी खिलाड़ी खेल से बड़ा नहीं है, लेकिन ऐसे समय में जब टेस्ट क्रिकेट प्रशंसकों को आकर्षित करने के लिए संघर्ष कर रहा था, विराट ने इसे वह ध्यान दिया जिसकी इसे सख्त जरूरत थी।'

उन्होंने कहा, 'वह अभी भी आईपीएल में खेल रहे हैं, लेकिन उनमें हमेशा टेस्ट क्रिकेट को जीवित रखने की इच्छा थी। एक कप्तान के रूप में, मैंने कभी भी ऐसा भारतीय टेस्ट कप्तान नहीं देखा, जो टीम के अच्छा प्रदर्शन न करने या चीजें खराब होने पर भी तीव्रता को इतना ऊंचा बनाए रखने में कामयाब रहा हो। यह अपने आप में एक विरासत है।'

शनिवार का मैच, जो एक सप्ताह के ब्रेक के बाद आईपीएल 2025 की बहाली को चिह्नित करता है, विराट कोहली की सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के बाद पहली उपस्थिति थी।

हालांकि, लगातार बारिश के कारण मैच को बिना एक भी गेंद फेंके रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया गया, और इसके साथ ही आरसीबी 12 मैचों में 17 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई और प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के करीब पहुंच गई, जबकि केकेआर 13 मैचों में 12 अंकों के साथ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई।

# वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज में बच्चों की एंट्री मुफ्त

बारबाडोस । दुनियाभर में टेस्ट क्रिकेट का आकर्षण धीरे-धीरे कम होता जा रहा है और इसे बचाए रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और तमाम क्रिकेट बोर्ड्स नए-नए कदम उठा रहे हैं। हाल ही में आईसीसी ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की पुरस्कार राशि को दोगुना कर दिया है, वहीं अब वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) ने टेस्ट क्रिकेट को बच्चों के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए एक अनोखा फैसला लिया है। सीडब्ल्यूआई ने घोषणा की है कि वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली आगामी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान बच्चों को स्टेडियम में प्रवेश के लिए कोई टिकट नहीं खरीदना पड़ेगा। इस फैसले का मकसद युवा पीढ़ी में टेस्ट क्रिकेट के प्रति रुचि जगाना है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड के सीईओ क्रिस डेह्रिंग ने इस पहल की जानकारी देते हुए कहा कि बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल, ग्रेनेडा नेशनल स्टेडियम और जमैका के सबीना पार्क में होने वाले तीनों टेस्ट मैचों के दौरान सभी बच्चों को निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। केंसिंग्टन ओवल में आयोजित डब्ल्यूआई होम फुल आह एनर्जी कैंपेन के लॉन्च के दौरान डेह्रिंग ने कहा कि यह निर्णय वेस्टइंडीज क्रिकेट की एक नई नीति के तहत लिया गया है, जिसका उद्देश्य टेस्ट क्रिकेट को फिर से जीवंत करना है।

# श्रेयस अय्यर के आईपीएल में 300 चौके पूरे, विशेष क्लब में शामिल हुए



जयपुर (राजस्थान) । पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें संस्करण में रविवार को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने संयमित प्रदर्शन के बाद इंडियन प्रीमियर लीग में 300 चौके लगाने वाले क्लब में शामिल हो गए। श्रेयस ने अपने शानदार प्रदर्शन के दौरान 5 मौकों पर बाउंड्री लगाई और 34/3 पर सिमटने के बाद पंजाब की पारी को संभाला। आईपीएल में अपने 128वें मैच में 30 वर्षीय अय्यर ने शांतचित्त होकर फील्ड में गैप ढूंढे और टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करने के फैसले के बाद स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। 30 (25) रन पर यशस्वी जायसवाल द्वारा लॉन्ग-ऑफ पर कैच आउट होने से पहले श्रेयस ने पांच चौके लगाए और अब उनके नाम इस कैश-रिच लीग में 303 चौके हैं। उनके जाने के बाद नेहल वढेरा और शशांक सिंह क्रीज पर आए। दोनों ने 13वें ओवर में आकाश मधवाल की गेंद पर 17 रन बटोरे जिसमें शशांक ने एक चौका और वढेरा ने एक चौका और एक छक्का लगाया। वढेरा ने 25 गेंदों में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना चौथा आईपीएल अर्धशतक पूरा किया। 16वें ओवर में हेटमायर के एक लो कैच ने मधवाल को नेहल का विकेट दिलाया।

# धोनी का संन्यास अभी नहीं! 2026 में भी खेल सकते हैं आईपीएल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महेंद्र सिंह धोनी भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल और लोकप्रिय खिलाड़ियों में से एक हैं। 43 साल की उम्र में भी वे मैदान पर पूरी ऊर्जा के साथ खेल रहे हैं। हालांकि आईपीएल 2025 का सीजन उनकी टीम चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खास अच्छा नहीं रहा। टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और खुद धोनी का प्रदर्शन भी अपेक्षित स्तर का नहीं रहा। ऐसे में यह चर्चा जोर पकड़ने लगी थी कि क्या यह धोनी का आखिरी सीजन है और क्या वे अब हमेशा के लिए क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। लेकिन एक नई रिपोर्ट ने उनके फैंस के लिए बड़ी राहत की खबर दी है।

एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़े सूत्रों का मानना है कि धोनी अभी टीम को छोड़ने के मूड में नहीं हैं। टीम के भीतर कई ऐसी चीजें हैं जिनमें सुधार की आवश्यकता है और इसके लिए धोनी की अनुभव और नेतृत्व की जरूरत है। यही वजह है कि फ्रेंचाइजी के लोग मानते हैं कि अगर धोनी की फिटनेस ने उनका साथ दिया, तो वह आईपीएल 2026 में भी येलो जर्सी में नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि धोनी का मार्गदर्शन टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए बेहद अहम है और अभी भी उनकी उपस्थिति ड्रेसिंग रूम में आत्मविश्वास भरती है।

धोनी से जब एक मुकाबले के बाद पूछा गया कि क्या आईपीएल 2025 उनका आखिरी सीजन होगा, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि इस पर वे कुछ समय बाद फैसला लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनका खेलना पूरी तरह उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। धोनी का यह बयान भी इस ओर इशारा करता है कि वे अभी अपने रिटायरमेंट को लेकर जल्दबाज़ी में कोई फैसला नहीं लेना चाहते।

भले ही इस सीजन में टीम का प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा हो, लेकिन फैंस का धोनी के प्रति प्यार कम नहीं हुआ है। वे अब भी धोनी को मैदान पर खेलते हुए देखना चाहते हैं और यही समर्थन शायद



धोनी को एक और सीजन तक मैदान पर बनाए रखे। ऐसे में अब सबकी नजरें धोनी के अगले कदम पर टिकी हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो 'थाला' अगले साल भी मैदान में कमाल करते नजर आ सकते हैं।

# रोम खिताब पर कब्जा, पाओलिनी ने गॉफ को हराकर बनाई इतिहास



रोम (इटली)। घरेलू पसंदीदा जैस्मीन पाओलिनी ने शनिवार को इंटरनैशनली बीएनएल डी 'इटालिया में इतिहास रच दिया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि चार दशकों में पहली बार, इटैलियन इंटरनेशनल के पास महिला एकल में इतालवी चैंपियन है। पाओलिनी ने रोम में पक्षपातपूर्ण भीड़ को रोमांचित कर दिया, क्योंकि नंबर 6 सीड पाओलिनी ने कैम्पो सेंट्रल में फाइनल में नंबर 4 सीड कोको गॉफ को 6-4, 6-2 से हराकर ऐतिहासिक खिताब जीता। पाओलिनी 40 साल पहले 1985 में राफैला रेगी के बाद अपने देश के सबसे बड़े आयोजन में जीत हासिल करने वाली पहली महिला हैं। इसके अलावा, रेगी ने खिताब तब जीता जब यह आयोजन टोरंटो में आयोजित किया गया था।

# सूर्यकुमार यादव का यह आईपीएल सीजन उनके सर्वश्रेष्ठ सीजन में से एक है : पूर्व भारतीय बल्लेबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने आईपीएल2025 सीजन में मुंबई इंडियंस के सीनियर खिलाड़ियों हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा को टीम में वापसी का श्रेय दिया। दिग्गज क्रिकेटर ने आगे कहा कि इन खिलाड़ियों ने महत्वपूर्ण मौकों पर फ्रैंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बहुमुखी बल्लेबाज सूर्यकुमार का यह आईपीएल करियर का सर्वश्रेष्ठ सीजन है। भारत के टी20 कप्तान ने 12 मैचों में 510 रन बनाए हैं जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। मुंबई के इस बल्लेबाज के पास फिलहाल ऑरेंज कैप है, जबकि गुजरात टाइटन्स के साई सुदर्शन (509 रन) और शुभमन गिल (508 रन) शीर्ष स्थान पर हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली चौथे स्थान पर हैं जो सूर्यकुमार से सिर्फ पांच रन पीछे हैं। हार्दिक



पांड्या की अगुआई वाली टीम की शुरुआत खराब रही और उसने सीजन के अपने पहले मैचों में चार गेम गंवाए। हालांकि पांच बार के चैंपियन ने फिर से वापसी की और लगातार छह मैच जीते लेकिन बारिश से प्रभावित मैच में गुजरात टाइटन्स से तीन विकेट से हार गए। 12 खेलों में 14 अंकों के साथ MI के पास दो गेम शेष रहते प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने का एक मजबूत मौका है। मांजरेकर ने कहा, 'मुझे यकीन नहीं है कि उनका अभियान पटरी से उतर जाएगा, भले ही रयान रिकेल्टन और विल जैक जैसे कुछ विदेशी खिलाड़ी संभावित रूप से प्रमुख खेलों के लिए अनुपलब्ध हों। वे खिलाड़ियों को सही भूमिकाओं में ढालने में कामयाब रहे हैं। शुरुआत में, वे थोड़े अनिश्चित दिखे लेकिन अब उन्हें स्पष्टता मिल गई है। सूर्यकुमार यादव अपने सर्वश्रेष्ठ आईपीएल सीजन में से एक खेल रहे हैं। और जब उच्च दबाव की स्थिति की बात आती है, तो MI के पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो पनपते हैं, हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और यहां तक कि रोहित शर्मा, उनके हालिया फॉर्म के बावजूद।'

# बिना रोहित-विराट के इंग्लैंड में भारत की अग्नि परीक्षा



नई दिल्ली । भारत और इंग्लैंड के बीच बहुप्रतीक्षित टेस्ट सीरीज 20 जून से शुरू हो रही है, लेकिन इस बार टीम इंडिया मैदान पर एक अलग ही रूप में नजर आएगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद यह पहली बार होगा जब भारतीय टीम इन दोनों दिग्गजों के बिना टेस्ट मुकाबलों में इंग्लैंड से भिड़ेगी। भारत का ऐतिहासिक रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में कमजोर रहा है। अब तक दोनों टीमों के बीच 136 मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें भारत ने केवल 35 में जीत दर्ज की है जबकि इंग्लैंड ने 51 मैचों में बाजी मारी है। वहीं, 50 मैच ड्रॉ पर खत्म हुए हैं। यह आंकड़ा बताता है कि भारत को इंग्लैंड पर पकड़ मजबूत करने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतनी होगी। हालांकि, पिछली सीरीज में भारत ने इंग्लैंड को करारी शिकस्त दी थी। 2024 की घरेलू सीरीज में भारत ने पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की थी। उस सीरीज में यशस्वी जायसवाल ने बल्ले से कहर बरपाते हुए 712 रन बनाए थे जबकि रविचंद्रन अश्विन ने 26 विकेट झटके थे। इंग्लैंड की ओर से जैक क्रॉली ने 407 रन बनाए और टॉम हार्टले ने 22 विकेट हासिल किए थे। इस बार सीरीज का पहला मुकाबला 20 से 24 जून तक खेला जाएगा, जबकि आखिरी टेस्ट 31 जुलाई से 4 अगस्त के बीच होगा। बाकी टेस्ट मैच क्रमश: 2-6 जुलाई, 10-14 जुलाई और 23-27 जुलाई तक आयोजित किए जाएंगे। वहीं टीम इंडिया के कप्तान को लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बार शुभमन गिल को कप्तानी सौंपी जा सकती है। चयन समिति की बैठक 23 या 24 मई तक होने की उम्मीद है। गिल पहले ही लिमिटेड ओवर फॉर्मेट में उप-कप्तान की भूमिका निभा चुके हैं और उन्होंने जिम्बाब्वे दौरे पर टी20 सीरीज में भारत का नेतृत्व भी किया था। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि युवा जोश से लैस भारतीय टीम इंग्लैंड जैसी अनुभवी टीम के खिलाफ कैसे प्रदर्शन करती है और क्या गिल के नेतृत्व में भारत टेस्ट इतिहास में नया अध्याय लिख पाएगा।

# रोहित मध्यक्रम में ऊब जाता था, शास्त्री ने भारतीय बल्लेबाज को ओपनिंग पर भेजने की वजह बताई

**दुबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते समय ऊब जाते थे इसलिए उन्होंने 2019 में 'हिटमैन' को सलामी बल्लेबाज बनाने का फैसला किया। शास्त्री का यह फैसला 'मास्टर स्ट्रोक' साबित हुआ और इसने पारंपरिक प्रारूप में रोहित के करियर को नया मोड़ दिया। शास्त्री 2017 में भारत के मुख्य कोच बने और 2021 में उन्होंने राहुल द्रविड़ को कमान सौंप दी। उनके चार साल के कार्यकाल के दौरान रोहित भारत के सबसे आक्रामक टेस्ट सलामी बल्लेबाज में से एक बन कर उभरे।

शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा, 'चार, पांच नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए यह लड़का ऊब जाता था। मैंने फिर इस पर विचार करना शुरू किया कि वह वनडे क्रिकेट में इतना सफल क्यों है? वह बल्लेबाजी के लिए मैदान पर जल्दी जाना पसंद करता है।' भारत के इस पूर्व दिग्गज हरफनमौला ने कहा, 'मैंने सोचा कि अगर उसे पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा जाए तो उसके पास तेज गेंदबाजों को खेलने, शॉट लगाने के लिए पर्याप्त समय होगा। उसके लिए मंच तैयार था। वह अगर इसे अपना ले तो उसके टेस्ट करियर को नई दिशा मिल सकती है।'

रोहित ने हाल ही में खेल के इस पारंपरिक प्रारूप को अलविदा कह दिया। उन्होंने अपने शानदार करियर में 67 मैचों में 12 शतक और 18 अर्धशतक की मदद से 4,301 रन बनाए। शास्त्री ने कहा कि उन्होंने 2019 विश्व कप के दौरान ही रोहित का इस्तेमाल टेस्ट में सलामी बल्लेबाज के रूप में करने का फैसला कर लिया था। वह इस विश्व कप में पांच शतक और 81 की औसत से 648 रन बनाकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे।

इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि उन्होंने तत्कालीन कप्तान विराट कोहली के साथ रोहित को सलामी बल्लेबाज के तौर पर आगे बढ़ाने के विचार पर चर्चा की थी। रोहित को तुरंत सफलता मिली, उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शीर्ष क्रम में अपने पहले टेस्ट में दो शतक जड़े। शास्त्री ने रोहित के बारे में कहा, 'उन्होंने पांचवें और छठे नंबर पर काफी बल्लेबाजी की लेकिन वह पूरी एकाग्रता नहीं दिखा पाते थे। वह 20, 30 रन बनाकर अपना विकेट गंवा देते थे। (मैंने सोचा) चलो उसे दबाव में डालते हैं और उसे (बल्लेबाजी क्रम में) ऊपर भेजते हैं। मुझे याद है कि मैंने उससे वेस्टइंडीज में कहा था 'हम चाहते हैं कि तुम पारी का आगाज करो।' रोहित ने टेस्ट के अपने 12 शतकों में से नौ शतक सलामी बल्लेबाज के तौर पर लगाये है। उन्होंने कहा, 'मैं अगर गलत नहीं हूं तो यह (फैसला) अगस्त 2019 में लिया गया था। उस विश्व कप के बाद। विश्व कप में उसने शानदार बल्लेबाजी की थी।



इसलिए उनका फॉर्म बहुत अच्छा था। उसने इसके बारे में कुछ समय तक विचार किया होगा। वह इससे असहज नहीं था।'

शास्त्री ने कहा, 'उसने पारी का आगाज करते हुए अपने पहले टेस्ट मैच में शतक जड़ा था। मैं अगर गलत नहीं हूं, तो उन्होंने पहली पारी में 100 रन बनाए और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा क्योंकि वह इसका लुत्फ उठाने लगा था।' शास्त्री ने कहा कि रोहित ने अपनी तकनीक और नरम हाथों से शॉट खेलने का काफी अभ्यास किया। उसने अपनी तकनीक पर बहुत काम किया क्योंकि मुझे लगता है कि उसने इंग्लैंड में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी की थी। इंग्लैंड में परिस्थितियां काफी अलग होती है।'

# अटारी-वाघा सीमा पर फिर से शुरू हुआ कारोबार

## पाकिस्तानी सीमा पर फंसे ट्रकों के विवाद के बाद भारत में प्रवेश की अनुमति मिली

**अटारी।**

जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार पूरी तरह ठप हो गया था, लेकिन अटारी-वाघा सीमा के रास्ते पुनः खुलने से व्यापारिक गतिविधियां फिर से चलने लगी हैं। इस सीमा के माध्यम से भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाला व्यापार फिर से गति पकड़ रहा है। पाकिस्तानी सीमा पर फंसे ट्रकों के विवाद के बाद अटारी-वाघा सीमा के माध्यम से भारत में प्रवेश की अनुमति दी गई। इसके बाद लगभग 50 ट्रक और भारतीय ट्रकों ने सीमा पार करके व्यापारिक गतिविधियों को फिर से जीवंत किया। भारत और अफगानिस्तान के बीच यह मार्ग सूखे मेवों और जड़ी-बूटियों के आयात के लिए महत्वपूर्ण है। इसके बंद हो जाने से व्यापारियों को बड़ा नुकसान हुआ था, लेकिन अब उन्हें राहत मिली है। इस सीमा के खुलने से व्यापारियों में आर्थिक सुधार होने की उम्मीद है। भारत और अफगानिस्तान के बीच व्यापार का यह मार्ग बेहद महत्वपूर्ण है। अटारी-वाघा सीमा भारत और तालिबान शासित अफगानिस्तान के बीच एकमात्र स्वीकृत व्यापारिक भूमि मार्ग है। भारत




अफगानिस्तान से मुख्य रूप से सूखे मेवे और जड़ी-बूटियां आयात करता है, जो अधिकतर कंधार और काबुल से आते हैं। इस मार्ग के बंद होने से न केवल व्यापारियों को आर्थिक नुकसान हुआ, बल्कि बाजार में इन सामानों की उपलब्धता पर भी असर पड़ा।

# एजीआर मामलाः सुप्रीम कोर्ट से वोडाफोन आइडिया के बाद अब एयरटेल ने लगाई गुहार

## भारती एयरटेल समूह पर 43,980 करोड़ की पर्याप्त एकमुश्त देनदारी लगाई गई

**नई दिल्ली।**

वोडाफोन आइडिया के बाद अब भारती एयरटेल और भारती हेक्साकॉम ने समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया मामले में राहत की मांग कर सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। इस याचिका में कहा गया है कि एजीआर बकाया ने दोनों भारती कंपनियों की दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बने रहने और अपने परिचालन को बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित किया है। यह हमारे भे विष्य पर असर डाल सकता है। याचिकाकर्ता कंपनियों ने एक दशक में लाइसेंस शुल्क और मुकदमे के जरिए लगभग 75,000 करोड़ रुपये का सरकारी खजाने में योगदान दिया है। इसके साथ ही जीएसटी भी दिया गया है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 22,000 करोड़ रुपये था। एजीआर फैसले के जरिए भारती एयरटेल समूह पर 43,980 करोड़ रुपये की पर्याप्त एकमुश्त देनदारी लगाई गई और इसे 31 मार्च, 2031 को समाप्त होने वाली 10 साल की अवधि के भीतर सरकार को चुकाया जाना है। मूल राशि 9,235 करोड़ रुपये ब्याज, जुर्माना और जुर्माने पर ब्याज जोड़कर 43,980 करोड़ रुपये हो गई। इससे पहले गुरुवार को वोडाफोन आइडिया ने सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की, जिसमें एजीआर बकाया से जुड़े ब्याज, जुर्माने और जुर्माने पर ब्याज में



45,000 करोड़ रुपये से अधिक की छूट की मांग की गई। करीब 20 करोड़ ग्राहकों को सेवा देने वाली इस दूरसंचार कंपनी ने राहत न मिलने पर वित्तीय संकट की चेतावनी दी है। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को वोडाफोन आइडिया के मामले की सुनवाई करेगा।

# जुलाई से सितंबर के बीच लॉन्च होगा नथिंग फोन (3)



**नई दिल्ली।**

नथिंग कंपनी का अपकमिंग स्मार्टफोन नथिंग फोन (3) साल 2025 में लॉन्च होगा। इस फोन में एडवांस एआई फीचर्स शामिल होंगे, जो इसे एक प्रीमियम डिवाइस बनाएंगे। कंपनी के सीईओ कार्लपेई ने हाल ही में इसकी पुष्टि की है। एक यूट्यूब वीडियो में इस फोन की झलक भी दिखाई, हालांकि फोन को ब्लर किया गया था। इस वीडियो में उन्होंने फोन के प्राइस और लॉन्च डेट का खुलासा किया है। नथिंग फोन (3) को 2025 के तीसरे क्वार्टर यानी जुलाई से सितंबर के बीच लॉन्च किया जाएगा। अगर पिछले साल के लॉन्च को ध्यान में रखा जाए, तो यह संभावना जताई जा रही है कि फोन जुलाई 2025 में लॉन्च होगा, क्योंकि नथिंग फोन (2) जुलाई 2023 में आया था। रिपोर्ट के अनुसार नथिंग फोन (3) को प्रीमियम मटेरियल्स, बेहतर परफॉर्मेंस और एआई-बेस्ड सॉफ्टवेयर के साथ तैयार किया गया है। यह फोन कंपनी का फ्लैगशिप डिवाइस होगा और इसमें डिज़ाइन के साथ-साथ यूजर एक्सपीरियंस भी शानदार होगा। नथिंग फोन (3) की कीमत करीब 800 जीबीपी (लगभग रुपए 90,500) हो सकती है। पिछले मॉडल, नथिंग फोन (2) के 12जीबी + 256जीबी वेरिएंट की कीमत 629 जीबीपी (लगभग रुपए 71,000) थी और भारत में इसकी कीमत 49,999 रुपये थी। ऐसे में उम्मीद है कि फोन (3) का 12जीबी + 256जीबी वेरिएंट भारत में 60,000 रुपये से अधिक हो सकता है

# जगुआर लैंड रोवर ने 7.7 बिलियन पाउंड का रेवेन्यू दर्ज किया




**नई दिल्ली।**

वित्तीय वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) ने 7.7 बिलियन पाउंड का रेवेन्यू दर्ज किया। यह रेवेन्यू पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 1.7प्रतिशत कम है। ब्रिटिश ऑटोमेकर ने लगातार दसवीं तिमाही लाभ दर्ज कर अपनी मजबूती साबित की है। इस सफलता के पीछे कंपनी के कुछ प्रमुख प्रोडक्ट्स की मजबूत बिक्री का बड़ा हाथ है। खासतौर पर लैंड रोवर डिफेंडर की बिक्री इस वित्तीय वर्ष में 1,15,404 यूनिट तक पहुंचकर इतिहास में सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। डिफेंडर भारत में भी लग्जरी ऑफ-रोडर्स में पसंदीदा बनी हुई है और हाल ही में भारत-यूके के एफटीए समझौते से इसके दाम कम होने की उम्मीद है। मार्च 2025 में लैंड रोवर ने डिफेंडर ऑक्टा को भारत में लॉन्च किया, जिसकी एक्स-शोरूम कीमत 2.59 करोड़ रुपए है। इस वर्जन में 4.4-लीटर ट्विन-टर्बोचार्ज्ड वी 8 इंजन दिया गया है, जो माइल्ड-हाइब्रिड टेक्नोलॉजी से लैस है। यह इंजन 626 हॉर्सपावर और 800 एनएम टॉर्क प्रदान करता है, जिससे यह डिफेंडर का अब तक का सबसे पावरफुल मॉडल बन गया है। ऑक्टा 0 से 100 किमी/घंटा की रफ्तार मात्र 3.8 सेकंड में पकड़ लेता है और अधिकतम 250 किमी/घंटा की स्पीड तक जा सकता है। इसे आठ-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स से लैस किया गया है, साथ ही इसमें कई मैकेनिकल और चेसिस अपग्रेड भी शामिल हैं। एफवाय25 में जेएलआर के इलेक्ट्रिफाइड ऑप्शंस की मांग भी बढ़ी है, खासकर प्लग-इन हाइब्रिड (पीएचईवी) मॉडल में 21.7प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। रेंज रोवर नेमप्लेट पीएचईवी की मांग में 38.2प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ नेतृत्व किया। इसके अलावा, रेंज रोवर स्पोर्ट ने 19.7 प्रतिशत की साल-दर-साल थोक बिक्री हासिल की।

# जीईईएल ने अपनी ब्रांड पहचान को नया रूप देने की घोषणा की

## नया कारपोरेट लोगो लॉन्च, बाकी ब्रांड्स के नए लोगो 8 जून को जारी किए जाएंगे

**नई दिल्ली।**

ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजे़ज़ लिमिटेड (जीईईएल) ने अपनी ब्रांड पहचान को नया रूप देते हुए अपने कॉर्पोरेट और चैनलों के लोगो को नया लुक देने की घोषणा की है।

कंपनी के सीईओ ने यह घोषणा ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2025 के दौरान की। नए लोगो ज़ी टीवी, ज़ी5, ज़ी म्यूज़िक कंपनी और ज़ी स्टूडियोज़ जैसे ब्रांड्स के लिए जारी किए जाएंगे।

कंपनी के अनुसार ज़ी का नया कॉर्पोरेट लोगो पहले ही लॉन्च किया जा चुका है, जबकि बाकी ब्रांड्स के नए लोगो 8 जून को जारी किए जाएंगे। उप्होंने कहा कि हम विकास के एक नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जिसमें कंटेंट और टेक्नोलॉजी पर खास ध्यान दिया जाएगा। हमारा नया लोगो भविष्य की सोच को दर्शाता है-जो कि तेज़, आधुनिक और लचीला है। यह हमारे संकल्प को दर्शाता है कि हम नई तकनीकों को अपनाकर दर्शकों को बेहतर अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कंपनी ने यह भी बताया कि उसका लक्ष्य टेक्नोलॉजी को हर स्तर पर जोड़ना है-चाहे वह कंटेंट बनाना हो, उसका वितरण हो या उससे कमाई करना। यह कदम कंपनी के लंबे समय के विकास और मुनाफे के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। जनवरी से मार्च तिमाही के परिणामों के दौरान कंपनी ने कहा था कि ऐ बिटा मार्जिन बढ़ाने के लिए अब लागत में कटौती की कोई गुंजाइश नहीं है। नुकसान को घटाने के लिए कंपनी अब केवल राजस्व में वृद्धि पर ध्यान देगी।

# क्लिकः भारत में ग्राहक आधार 1,000 को पार करने के लिए तैयार

**ऑरलैंडो।**

कृत्रिम मेधा क्षेत्र के अग्रणी कंपनी क्लिक ने भारतीय बाजार में वृद्धि को लेकर आशान्वित होने का इजहार किया है। कंपनी के एक अ धिकारी ने बताया कि क्लिक ने पिछले दो साल में अपने कारोबार को दोगुना किया है और ग्राहकों की संख्या अब 800 से भी ज्यादा हो गई है। उनके अनुसार इस साल कंपनी का ग्राहक आधार 1,000 को पार कर जाएगा। उन्होंने डेटा विश्लेषण और एआई रणनीति में भागीदारी के लिए कई छोटे और मझोले कारोबारों के साथ भविष्य की योजना की बात की। उन्होंने कहा कि क्लिक के भारतीय शाखा में मात्र एक्सपैंशन हुई है और कर्मचारी संख्या में भी वृद्धि हुई है। कंपनी ने पिछले 16 माह में भारत में कर्मचारियों की संख्या दोगुनी कर दी है और नियुक्तियों का कार्य जारी रहेगा। वे भारतीय बाजार में तेजी से आगे बढ़ने के संकेत का समर्थन करते हुए निवेश के साथ एक वीरपंथी किरदार बनाने का दावा कर रहे हैं। क्लिक ने हाल ही में भारत में एक बड़े निवेश के साथ डेटा सेंटर खोला है, जो भारतीय बाजार के लिए नई सेवाएं प्रदान करेगा। यह कॉन्फिगरेशन के साथ क्लाउड ढांचे को बढ़ाने और भारतीय बाजार के साथ प्रतिबद्धता को गहरा करने में मदद करेगा।



# भारत के कोयले का आयात 2024-25 में घटकर 26.35 करोड़ टन रहा

**नई दिल्ली।**

भारत में कोयले का आयात वित्त वर्ष 2024-25 में 1.7 प्रतिशत घटकर 26.35 करोड़ टन रहा है। इसके सम्बंधित पिछले वित्त वर्ष, 2023-24, में देश कोयले का 26.82 करोड़ टन आयात करता था। इस वर्ष गैर-कोकिंग कोयले का आयात 16.71 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की 17.59 करोड़ टन से कम है। कोकिंग कोयले का आयात 5.40 करोड़ टन है जो पिछले वर्ष की 5.72 करोड़ टन से कम है। एक ई-कॉमर्स मंच द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार मार्च में कोयले का आयात 2.27 करोड़ टन रहा जो पिछले वर्ष की 2.39 करोड़ टन की मुकाबला है। मार्च में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.48 करोड़ टन है जो 2023-24 के समान महीने की 1.53 करोड़ टन का है। मार्च में कोकिंग कोयले का आयात 44.1 लाख टन है जो 2023-24 के समान महीने की 53.4 लाख टन से कम है। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल कोयले उत्पादन एक अरब टन के आंकड़े को पार कर गया है। अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में कोयले उत्पादन 104.75 करोड़ टन है, जो 2023-24 में 99.78 करोड़ टन का था। इस तरह वित्त वर्ष के दौरान कोयले का उत्पादन 4.99 प्रतिशत बढ़ गया है।

# बीते वित्त वर्ष में भारत के स्मार्टफोन निर्यात ने पेट्रोलियम उत्पादों, हीरे को पछाड़ा

**2024-25 में स्मार्टफोन निर्यात 55 प्रतिशत के उछाल के साथ 24.14 अरब डॉलर पर**

**नई दिल्ली।**

पिछले तीन साल में भारत का स्मार्टफोन निर्यात पांच गुना हो गया है। वहीं इस दौरान जापान को निर्यात चार गुना हो गया है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इस तरह स्मार्टफोन निर्यात ने देश से पेट्रोलियम उत्पादों और हीरे के निर्यात को पीछे छोड़ दिया है। आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में स्मार्टफोन निर्यात 55 प्रतिशत के उछाल के साथ 24.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो 2023-24 में 15.57 अरब डॉलर और 2022-23 में 10.96 अरब डॉलर था। बीते वित्त वर्ष में अमेरिका, नीदरलैंड, इटली, जापान और चेक गणराज्य शीर्ष पांच देश रहे जहां स्मार्टफोन निर्यात में सबसे ऊंची वृद्धि दर्ज हुई है। अकेले अमेरिका को 2024-25 में स्मार्टफोन का निर्यात 10.6 अरब डॉलर का हो गया। अमेरिका को स्मार्टफोन का निर्यात 2022-23 में 2.16 अरब डॉलर और 2023-24 में 5.57 अरब डॉलर रहा था। जापान को निर्यात में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। जापान को निर्यात 2022-23 के 12 करोड़ डॉलर से 2024-25 में 52 करोड़ डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार नीदरलैंड को निर्यात 2022-23 के 1.07 अरब डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 2.2 अरब डॉलर हो गया।इसी तरह, इटली को निर्यात 72 करोड़ डॉलर से बढ़कर 1.26 अरब डॉलर पर पहुंच गया। चेक गणराज्य को भी निर्यात 65 करोड़ डॉलर से बढ़कर 1.17 अरब डॉलर हो गया।

# सेंसेक्स की 9 बड़ी कंपनियों का मार्केट कैप 3.35 लाख करोड़ बढ़ा

## रिलायंस, एचडीएफसी और टीसीएस ने बढ़ाया बाजार में दबदबा

**मुंबई।**

बीते सप्ताह सेंसेक्स की टॉप 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से 9 के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल मिलाकर 3.35 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस वृद्धि में सबसे बड़ा योगदान रिलायंस इंडस्ट्रीज का रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 1.06 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 19.71 लाख करोड़ रुपये हो गया।

यह अब भी देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 46,306.99 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 10.36 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस ने 43,688.4 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे उसका कुल मूल्यांकन 12.89 लाख करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का मूल्य 34,281.79 करोड़ रुपये बढ़कर 6.60 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की हैसियत 34,029.11 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 14.80 लाख करोड़ रुपये पर पहुंची। बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 32,730.72 करोड़ रुपये बढ़कर 5.69 लाख करोड़ रुपये हो गया। आईटीसी को 15,142.09 करोड़ रुपये की बढ़त मिली, जिससे उसका मूल्यांकन 5.45 लाख करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक की बाजार हैसियत 11,111.15 करोड़ रुपए बढ़कर 7.06 लाख करोड़ रुपये रही। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्य 11,054.83 करोड़ रुपये बढ़कर 5.59 लाख करोड़ रुपये हो गया।




इन सभी के` विपरीत भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 19,330.14 करोड़ रुपये घट गया और यह 10.34 लाख करोड़ रुपये रह गया। प्रमुख 10 कंपनियों की रैंकिंग में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी रहीं।

# टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक वाहन पर बड़ा दांव लगाने की तैयारी

**टाटा मोटर्स ने 2024-25 में करीब 65,000 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे**

**नई दिल्ली।**

टाटा मोटर्स का लक्ष्य घरेलू यात्री वाहन बाजार में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को मुख्यधारा में लाने का है। अपनी इस योजना के तहत कंपनी ईवी श्रृंखला को मजबूत करने और साथ ही मौजूदा मॉडल के लिए मूल्य को बढ़ाने का प्रयास कर रही है। मुंबई की यह प्रमुख वाहन कंपनी चालू वित्त वर्ष में हैरियर.ईवी और उसके बाद सिएरा.ईवी उतारने की तैयारी कर रही है। साथ ही कंपनी अपने मौजूदा मॉडल में भी कई तरह के सुधार करने की योजना बना रही है। टाटा मोटर्स ने 2024-25 में करीब 65,000 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे हैं। यह आंकड़ा 2023-24 की तुलना में 10 प्रतिशत कम है। तिमाही नतीजों के बाद निवेशक प्रस्तुतीकरण में कंपनी ने कहा` कि हम नए मॉडल के साथ ईवी पोर्टफोलियो को मजबूत करने जा रहे हैं। साथ ही मौजूदा मॉडल के लिए भी मूल्य बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। कंपनी का इरादा इलेक्ट्रिक वाहनों को मुख्यधारा में लाने है। इसके लिए कंपनी बाजार विकास और पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगी।

# ट्रंप ने फेड पर किया हमला, पॉवेल की इस्तीफा की मांग

## जेरोम पॉवेल नहीं हो रहे टस से मस

**वाशिंगटन।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने संकेतों के साथ एक बार फिर फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल पर हमला बोला है। ट्रंप ने फेड के ब्याज दरों में कटौती की मांग की और पॉवेल को उनके मौजूदा कार्यकाल से पहले हटाने की धमकी दी। यह तनातनी के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण मोड़ हो सकता है, जिसके परिणामस्वरूप अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर भारी असर पड़ सकता है। ट्रंप का मानना है कि कम ब्याज दरें अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी, जबकि पॉवेल ने ऐसे कदमों की चेतावनी दी है कि इससे महंगाई बढ़ सकती है। इस तनातनी के बीच ट्रंप ने पॉवेल को मेजर लूजर कहकर भी मामूली भाषा में संबोधित किया है। यह विवाद अमेरिकी राजनीति के दौरान एक और रोमांचक घटना बन गया है, जिसके परिणामों का सामर्थ्यक असर पूरी दुनिया देख रही है। इस संघर्ष के बीच, पॉवेल ने साफ किया है कि वे अपनी पदवी पर कटौती का विचार नहीं करेंगे और उन्हें इस्तीफा देने का कोई इरादा नहीं है। ट्रंप ने उनकी योग्यता पर सवाल उठाया है, लेकिन पॉवेल ने प्रधान्य देने का इरादा जताते हुए इस संघर्ष में निष्ठा प्रकट की है।

जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह पॉवेल को 2026 से पहले हटाएंगे, तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा, नहीं, ऐसा क्यों करूंगा? मुझे जल्द ही उन्हें बदलने का मौका मिल जाएगा। ट्रंप भले ही पॉवेल को न हटाने की बात कह रहे हो, लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि वे चाहकर भी ऐसा कर नहीं सकते। अगर वे ऐसा करते हैं तो कानूनी पचड़े में पड़ जाएंगे और इससे फजीहत हो सकती है। इसलिए पॉवेल को झेलना ट्रंप की मजबूरी है।

# वेदांता लिमिटेडः 20 अरब डॉलर की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में कंपनियों की रुचि

**नई दिल्ली।**

दुनिया की कई परामर्शक कंपनियों ने वेदांता लिमिटेड की कई क्षेत्रों में फैली 20 अरब डॉलर की विस्तार परियोजनाओं को लागू करने में रुचि दिखाई है। प्रमुख कंपनी चालू तिमाही में परामर्शक कंपनी का चयन करेगी। वेदांता अगले तीन साल में अपने परिचालन का महत्वपूर्ण विस्तार करने की योजना बना रही है, क्योंकि यह चार इकाइयों- वेदांता एल्युमीनियम, तेल और गैस, बिजली, और लौह एवं इस्पात में पुनर्गठन कर रही है। वेदांता लिमिटेड के एक अ धिकारी ने बताया कि वे एक वैश्विक रुचि पत्र जारी करेंगे और कुछ सप्ताह के भीतर भागीदार का चयन करेंगे। कंपनी अगले तीन साल में धातु, खनन, और हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में 20 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च करेगी। वेदांता के चेयरमैन ने इससे पहले कहा था कि कंपनी विविध कारोबार के विभाजन के बाद संपत्ति प्रबंधन से संपत्ति की मालिक बनेगी। कंपनी अपने संपत्ति आधार को मजबूत कर रही है और वैश्विक अगुवा के रूप में स्थापित होने का प्रयास कर रही है। धातु क्षेत्र की दिग्गज कंपनी की आमदनी 41,216 करोड़ रुपये हो गई है। इसमें मार्च में समाप्त तिमाही में 3,483 करोड़ रुपये का आकलन शामिल है, जो पिछले साल की सामान्यतः 1,369 करोड़ रुपये से अधिक है।

# ईबीपी मंच पर इलेक्ट्रॉनिक बुक व्यवस्था अनिवार्य

**ईबीपी मंच की दक्षता और सुरक्षा को बढ़ाने में मिलेगी मदद**

**नई दिल्ली।**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 20 करोड़ रुपये या उससे अधिक के निजी नियोजन के लिए ईबीपी मंच पर इलेक्ट्रॉनिक बुक व्यवस्था को अनिवार्य कर दिया है। यह प्रावधान ईबीपी मंच की दक्षता और सुरक्षा को बढ़ाने में मदद करेगा। सेबी के नए परिपत्र के अनुसार, अब निजी नियोजन के लिए 20 करोड़ रुपये या उससे अधिक के निर्गम आकार की ऋण या बॉन्ड प्रतिभूतियों, एनसीआरपीएस और म्यूनिसिपल बॉन्ड जैसे अनुभागों के लिए भी ईबीपी मंच का उपयोग अनिवार्य होगा। अब तक निर्गम आकार वाले बॉन्ड प्रतिभूतियों के सभी निजी नियोजन के लिए ईबीपी मंच का प्रयोग अनिवार्य था, लेकिन अब रीट और इनविट भी इसमें शामिल होंगे। सेबी ने इसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) और रियल एस्टेट इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट (आरईआईटी) को भी शामिल कर दिया है। इस पहल से इलेक्ट्रॉनिक बुक प्रदाता के मंच की महत्वपूर्णता और प्रभाव बढ़ेगा।



# दीपिका पादुकोण ने स्पिरिट के लिए मांगी 20 करोड़ फीस

बॉलीवुड की सुपरस्टार दीपिका पादुकोण बीते साल 2024 में प्रभास के साथ तेलुगू में बनी पैन इंडिया रिलीज कल्कि 2898एडी में नजर आई थीं। फिर वह रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में डीसीपी शक्ति शेट्टी बनकर धुआंधार एक्शन करती नजर आईं। अब आगे वह शाहरुख खान के साथ जहां किंग में नजर आएंगी, वहीं खबर है कि उन्हें प्रभास के साथ एक बार फिर से स्पिरिट में कास्ट किया गया है। और तो और, एनिमल फेम संदीप रेड्डी वांगा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म के लिए दीपिका ने इतनी तगड़ी फीस ली है कि वह सुर्खियों में आ गई हैं!

दीपिका पादुकोण बीते साल 8 सितंबर 2024 को मां बनी हैं। वह इन दिनों बेटी दुआ की परवरिश में वक्त दे रही हैं। इस बीच रिपोर्ट में बताया गया है कि संदीप रेड्डी वांगा ने उन्हें प्रभास के अपोजिट स्पिरिट में कास्ट किया है। यह पर्दे पर मां बनने के बाद उनकी कमबैक फिल्म होगी। रिपोर्ट में फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र के हवाले से कहा गया है कि दीपिका को इस फिल्म के लिए उनके करियर की सबसे अधिक फीस मिल रही है।

### दीपिका ने स्पिरिट के लिए ली है 20 करोड़ फीस!

हालांकि, सटीक आंकड़े की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन इनसाइडर रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि दीपिका पादुकोण को स्पिरिट के लिए करीब 20 करोड़ रुपये फीस मिल रही है। यदि यह सच है, तो दीपिका भारतीय सिनेमा में सबसे अधिक फीस लेने वाली एक्ट्रेस बन जाएंगी।

### देश की सबसे महंगी एक्ट्रेस में रश्मिका, प्रियंका, आलिया का भी नाम

देश में सबसे मोटी फीस लेने वाली एक्ट्रेसस में इस वक्त रश्मिका मंदाना से प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट जैसी एक्ट्रेसेस का नाम शुमार है। फिल्हाल, टॉप एक्ट्रेसेस की फीस 10-15 करोड़ के बीच है। लेकिन दीपिका की 20 करोड़ की फीस इस मायने में एक नया बेंचमार्क है। हालांकि, इस फीस की चर्चा ऐसे समय में भी हो रही है, जब कई दिग्गज फिल्ममेकर्स एक्टर्स की बढ़ती फीस को लेकर चिंता जता चुके हैं।

### दीपिका ने दी हैं हिट, सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में

वैसे, दीपिका पादुकोण की फीस का बढ़ना कोई आश्चर्य नहीं है। ऐसा इसलिए कि उनकी झोली में पद्मावत, बाजीराव मस्तानी पीकू, ये जवानी है दीवानी और जवान जैसी हिट, सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में शामिल हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि दीपिका इस वक्त इंडस्ट्री की सबसे काबिल और सबसे भरोसेमंद स्टार हैं।

### जून-जुलाई में शुरू हो जाएगी स्पिरिट की शूटिंग

जहां तक स्पिरिट की बात है, तो प्रभास और दीपिका के साथ संदीप रेड्डी वांगा इसे ग्रैंड लेवर पर बना रहे हैं। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म बताई जा रही है, जिसे पैन इंडिया रिलीज किया जाएगा। स्पिरिट की शूटिंग 2025 में जून-जुलाई के आसपास शुरू हो सकती है। प्रभास-दीपिका की पिछली फिल्म कल्कि - 2898एडी ने बॉक्स ऑफिस पर देश में 646.31 करोड़ का नेट कलेक्शन और वर्ल्डवाइड 1042.25 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया था।



# केसरी चैप्टर 2 की कामयाबी से मजबूत हुईं अनन्या पांडे, लेना चाहती हैं ये जोखिम

**अभिनेत्री अनन्या पांडे को हाल ही में फिल्म केसरी चैप्टर 2 में देखा गया था। उन्होंने कहा है कि वह और भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण रोल अदा करने के लिए तैयार हैं। अनन्या ने साल 2019 में स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद वह गहराइयां और सीटीआरएल जैसी में नजर आईं। हर फिल्म में उनकी अलग काबिलियत दिखाई दी है।**

### अधिक चुनौतीपूर्ण फिल्में करना चाहती हैं अनन्या

फिल्म कंपेनियन से बातचीत में अन्नया पांडे ने कहा मुझे लगता है कि पहले हमने भले बदहवासी में फैसला किया हो लेकिन अब पूरे होश व हवास में फैसला किया है। मैं नहीं चाहती कि मैं जैसी दिखती हूं उसी तरह जानी जाऊं। मैं गहराई में उतरना चाहती हूं। मैं अपने आपको धक्का देना चाहती हूं। मैंने महसूस किया है कि कई प्रोजेक्ट में काम करने के बाद मैं वापस नहीं जाना चाहती।

एक शैली में सीमित नहीं रहना चाहती अनन्या

अनन्या पांडे चुनौतीपूर्ण किरदारों के साथ प्रयोग करना चाहती हैं। पति पत्नी और वो और ओटीटी सीरीज कॉल मी बे में काम करने के बाद, अनन्या को लगता है कि अगर वह सिर्फ एक शैली तक ही सीमित रहती हैं, तो यह उनके फैंस के साथ अन्याय होगा।

अनन्या की पिछली फिल्म के बारे में अनन्या पांडे ने हाल ही में रिलीज हुई केसरी चैप्टर 2 में अपने प्रदर्शन के लिए प्रशंसकों और आलोचकों दोनों से तारीफें लूटी हैं। फिल्म में उन्होंने दिग्गज अभिनेता अक्षय कुमार के साथ दिलरीत गिल की भूमिका निभाई है। फिल्म में आर माधवन भी हैं। फिल्म का निर्देशन करण सिंह त्यागी ने किया है। ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर हिट रही है। फिल्म ने पहले तीन हफ्तों में लगभग 81.5 करोड़ रुपये कमाए हैं।



# पंचायत 4 के सभी पहलू लोगों को हंसाएंगे और रुलाएंगे भी...

फैसल मलिक इन दिनों अपनी अगली वेब सीरीज पंचायत 4 को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में इस सीरीज का टीजर रिलीज हुआ है। पंचायत में किरदार ऐसे लिखे गए हैं जिनसे लोग खुद को जोड़ लेते हैं। वो सीधा-सादा इंसान किसी को भी अपने पापा या चाचा जैसा लग सकता है। यही कॉमेडी और इमोशन का मेल है जो पंचायत को खास बनाता है।

पंचायत देखकर गांव वाले सराहते हैं या नाराज होते हैं?
गांव वाले बहुत प्यारे लोग हैं। शूटिंग के दौरान खाना खिलाते हैं, मदद करते हैं। अब तो पहचान भी गए हैं कि हम ढाई महीने वहीं रहेंगे। इसलिए एक अपनापन लगता है उनके बीच।

### पंचायत 4 में क्या नया है?

इस बार तो धमाल है! जब पहला सीजन बना था तब नहीं सोचा था इतना चलेगा, 2 बना तो उससे ज्यादा चला, 3 ने दोनों को पीछे छोड़ा। 4 में तो सबकुछ है। कहानी, डायरेक्शन और इमोशन, सभी का लेवल अप है। अब इस सीरीज को लोग खुद वायरल कर देते हैं, हमें खुद नहीं पता चलता कि सीरीज का कौनसा सीन कितना बड़ा हिट हो गया। इस बार के सीजन में सभी पहलू दर्शकों को हसाएंगे और रुलाएंगे भी। ये सीजन भी सभी के साथ कनेक्ट करेगा।

# राधिका आप्टे की सिस्टर मिडनाइट सिनेमाघरों में होगी रिलीज

अभिनेत्री राधिका आप्टे की बाफ्टा नॉमिनेटेड फिल्म सिस्टर मिडनाइट 23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म का लेखन और निर्देशन करण कंधारी ने किया है। यह उनके निर्देशन की पहली फिल्म है। इसका निर्माण एलेस्टेयर क्लार्क, एना ग्रिफिन और एलन मैकएलेक्स द्वारा किया गया है।

फिल्म की कहानी राधिका आप्टे के किरदार के आस-पास घूमती है। नवविवाहित उमा (राधिका आप्टे) अपने पति गोपाल (अशोक पाठक) के साथ जीवन में सामंजस्य बैठाने की कोशिश करती है। मुंबई में एक छोटे से कमरे में साथ रहना उसके लिए आसान नहीं है। खासकर तब जब गोपाल घंटों गायब रहता है। बेमन से वह पड़ोसी शीतल (छाया कदम) की मदद से खाना बनाना सीखती है। इसके बाद गोपाल के चचेरे भाई की शादी में शामिल होने के बाद असंतुष्ट उमा के लिए चीजें बदल जाती हैं। मच्छर के काटने से वह बीमार महसूस करने लगती है, वह पीली और पतली हो जाती है। धीरे-



### बाफ्टा में हुई नामांकित

इस साल के बाफ्टा में उत्कृष्ट ब्रिटिश डेब्यू के लिए नामांकित 'सिस्टर मिडनाइट' 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में सबसे चर्चित फिल्म थी। यह फिल्म गोल्डन कैमरा पुरस्कार और डायरेक्टर्स फोर्टनाइट के लिए नामांकित की गई थी। ब्रिटिश इंडिपेंडेंट फिल्म अवार्ड्स (क्ख्ढ्ढस्न) के लिए भी यह नामांकित हुई थी। 'सिस्टर मिडनाइट' ने ऑस्टिन के फैंटास्टिक फेस्ट में नेक्स्ट वेव अवार्ड में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार भी जीता।

# ऐसी फिल्म करना चाहता था, जिससे सम्मान मिले

वेटरन एक्टर आदित्य पंचोली के बेटे और अभिनेता सूरज पंचोली इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'केसरी वीर' को लेकर चर्चाओं में बने हैं। फिल्म इसी महीने रिलीज होने वाली। इस बीच सूरज पंचोली ने अपने करियर को लेकर बात की। साथ ही अभिनेत्री जिया खान की मौत के मामले के बाद आई मुश्किलों पर भी खुलकर बात की। बातचीत में सूरज पंचोली ने कहा, मैं कई स्क्रिप्ट सुन रहा था, लेकिन मैं ऐसी फिल्म करना चाहता था जिससे मुझे सम्मान मिले। जो भी कैमरे के पीछे या सामने काम करता है, वे सभी बहुत मेहनत करते हैं। जब आपके काम की सराहना नहीं होती है, तो आप वास्तव में निराश महसूस करते हैं। इसलिए मैं ऐसी फिल्म करना चाहता था, जिसके बारे में लोग कहें कि ठीक है, शायद सूरज सक्षम है।

'केसरी वीर' को मैंने खुले दिमाग से किया अभिनेता ने आगे कहा, मैं फिल्मों में काम शुरू करने से पहले अपनी जिंदगी को पटरी पर लाना चाहता था। मैं एक दिन बैठा और अपने माता-पिता से बात की। मैंने कहा कि मुझे यह काम पूरा करने दीजिए, मैं बाद में काम करूंगा। मैं जो चाहूंगा करूंगा, लेकिन पहले मुझे यह काम पूरा करने दीजिए। भगवान का शुक्र है कि मैं यह सब अब कर चुका हूं। 'केसरी वीर' पहली फिल्म है जिसे मैंने नए, खुले और केंद्रित दिमाग से किया है। मैं केवल इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं कि कैसे प्रदर्शन करना है। अच्छी चीजों में समय लगता है। अथिया शेट्टी के साथ फिल्म 'हीरो' से अपने करियर की शुरूआत करने वाले सूरज पंचोली अब 'केसरी वीर' में अथिया के पिता सुनील शेट्टी के साथ नजर आ रहे हैं। इस पर सूरज का कहना है, अथिया ने 'हीरो' में मेरे पिता के साथ काम किया और अब मैं सुनील सर के साथ काम कर रहा हूं। इसलिए, यह सब वापस आ रहा है। मेरे लिए अपने जीवन को फिर से शुरू करने के लिए इस फिल्म से बेहतर कुछ नहीं है।



### 23 मई को रिलीज होगी 'केसरी वीर'

'केसरी वीर' में सूरच पंचोली के साथ सुनील शेट्टी, आकांक्षा शर्मा और विवेक ओबेरॉय भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रिंस धीमन द्वारा निर्देशित यह फिल्म 23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।



# मुझे अचानक स्टार प्लस से एक हजारों के लिए लॉक कर दिया

निया शर्मा इन दिनों निया लाफ्टर शेफ्स 2 में जमकर लोगों का मनोरंजन कर रही हैं। हालांकि यहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने काफी जद्दोजहद की है। उन्होंने अपनी लाइफ के स्ट्रगल का किस्सा खुद सुनाया था और बताया था कि शुरुआती दिनों में वो किस तरह के घर में रही हैं। निया ने कहा कि सच ये है कि उन्हें एक्टिंग में आना ही नहीं था। उन्होंने एक बार भारती और हर्ष लिंबाचिया के चैट शो पर कहा कि उन्हें जर्नलिज्म स्टूडेंट बनना था तो हिंदी इंग्लिश में अपना कैमरा उठाकर माइक पर बोलना शुरू किया। निया शर्मा ने कहा, हमेशा से ये सब करती थी मैं स्टेज वगैरह पर। मुझे जर्नलिज्म में ही जाना था तो उसके लिए मैं इधर-उधर जाती रहती थी इंटर्नशिप कर ली, कहीं कुछ कर ली।

दिल्ली वापस जाकर कुछ और करने का था प्लान

इस थ्रोबैक चैट पर उन्होंने कहा था, हर्ष, आप बिलीव नहीं करोगे, मेरा वही ऑडिशन हो गया और वो मेरे को मुंबई ऑडिशन बुलाए, फर्स्ट सेकंड होगा, मैंने उतने ऑडिशन दिए भी नहीं। एक हजारों ..नहीं वो काली एक अग्नि परीक्षा के लिए था, जिसमें आशुतोष राणा थे। वो कोई रियल स्टोरी थी,मेरा मम्मी ने जाने दिया, स्टार प्लस का शो था तो कौन मना करेगा। तो मै आ गई, सोचा 6 महीने के बाद वापस दिल्ली जाकर अपना पोस्ट ग्रैजुएशन करूंगी और जर्नलिज्म बीसीए, एमसीए होता है वो करूंगी। उन्होंने आगे कहा, मैंने वापस जा रही थी, मम्मी के लिए गिफ्ट खरीद लिए, सब हो गया तो मुझे अचानक स्टार प्लस से एक हजारों के लिए लॉक कर दिया सेकंड ऑडिशन मैंने कब दिया होगा याद भी नहीं। मेरा टिकट कैंसिल हुआ दिल्ली का। वो शो एक साल से पाइपलाइन में था।

मैंने स्क्रैच से स्टार्ट किया, उस घर में रही जहां सामने बेड था

अपनी को-स्टार क्रिस्टल के बारे में बातें करते हुए निया ने कहा, उसके पास गाड़ी भी थी, मैं एक रेंटेड अपार्टमेंट में पीजी में रहती थी तब एक रूम वाले फ्लैट में। फोर्थ फ्लोर पर, लिफ्ट भी नहीं थी उसमें, पॉट भी इंडियन था। इमैजिन भी नहीं कर सकते। मैंने स्क्रैच से स्टार्ट किया। मैं वैसे भी घरों में रही हूं जहां पे दरवाजा खुलते ही सामने मेरा बेड था।, जो ओनर थे उसका वन रूम किचन में उसका रूम था। मैं सामने सो रही होती थी यार गेट खुलते ही इतने से बेड पर, मैं ऐसे पीजी में भी रही हूं। उन्होंने कहा, वो पूरी-पूरी रात पार्टीज़ करती थी अपने 80 हजार फ्रेंड्स लेकर आती थी उस घर में, मुझे सुबह वापस साढ़े 8 बजे मुझे सेट पर जाना होता था, 3 बजे मुझे छोड़ते थे, मुझे सिर्फ 4 घंटे की नींद होती थी जिसमें से वे पार्टी किया करते, मैं बालकनी में बैठकर रोई हूं।

# ज़ायद खान की ओटीटी पर धमाकेदार डेब्यू होने का वादा



बॉलीवुड अभिनेता ज़ायद खान अपनी बहुप्रतीक्षित फ़िल्म द फ़िल्म दैट नेवर वाज़ के साथ ओटीटी डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मोहित श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित यह फ़िल्म अपने अनोखे विज़न और अभूतपूर्व हास्य की गारंटी के चलते पहले से ही चर्चा में है। फिल्म में लगभग 22 बॉलीवुड सितारों के कैमियो होने की चर्चाओं ने फिल्म प्रेमियों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है, जो ज़ायद को उनके अब तक के करियर से बिल्कुल अलग भूमिका में देखने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। 'द फिल्म दैट नेवर वाज़' की खासियत सिर्फ इसके सितारों से सजी कास्ट में ही नहीं है, बल्कि इसके चारों ओर फैले रहस्य में भी है। फिल्म के बारे में जानकारियाँ बेहद गोपनीय रखी जा रही हैं, जिससे दर्शकों की जिज्ञासा और भी बढ़ गई है। ज़ायद ने खुद इशारा किया है कि उनका किरदार, इस फिल्म में जिसे शॉर्ट में TFTNW कहा जा रहा है, उनके लिए पूरी तरह नया और चुनौतीपूर्ण है। इससे साफ होता है कि फिल्म में उनका रूपांतरण कुछ ऐसा होगा जिसे देखने के लिए दर्शक बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। यह फिल्म सिर्फ एक हास्य फिल्म नहीं, बल्कि एक भावनात्मक यात्रा भी प्रतीत हो रही है, जो दर्शकों के दिल को भी छू सकती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in